दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 10 अंक : 288 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, गुरूवार 13 नवम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 2.00 रुपए पृष्ठ : 8

## प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अलर्ट, फिर अधिकारियों से की बैठक

### प्रवासी राजस्थानियों को पुरस्कार देने की भी है योजना, 10 दिसंबर को जयपुर में होगा यह ऐतिहासिक आयोजन, कार्यक्रम में आने वाले मेहमानों को खाने पीने ठहरने की होगी शानदार व्यवस्थाऔर जयपुर के पर्यटन स्थलों का करवाया जाएगा भ्रमण

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आगामी दिसंबर माह में आयोजित होने जा रहे प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह को लेकर शुरू से ही काफी गंभीर और अलर्ट मोड पर नजर आ रहे हैं एक तरफ इस कार्यक्रम में प्रवासी राजस्थानियों को निमंत्रण देने और उन्हें राजस्थान में निवेश के लिए प्रेरित करने के लिए मुख्यमंत्री शर्मा खुद राजस्थान सरकार की ओर से निवेशकों की सुविधा के लिए बनाए गए विशेष योजनाओं की जानकारी प्रवासी राजस्थानियों को दे रहे हैं तो दूसरी तरफ 10 दिसंबर को जयपुर में आयोजित हो रहा यह कार्यक्रम ऐतिहासिक हो और इस कार्यक्रम में आने वाले सभी प्रवासी राजस्थानी मेहमानों को बिल्कुल भी परेशानी नहीं हो और सभी मेहमान काफी खुश और प्रसन्न होकर राजस्थान से विदा ले इन सब विषय को लेकर मुख्यमंत्री शर्मा ने बुधवार को एक बार फिर संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की बैठक में मुख्य सचिव के अलावा उद्योग विभाग के अन्य बड़े अधिकारी भी उपस्थित रहे जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह के लिए विभिन्न कार्य समितियां का गठन पहले ही कर दिया था जिन्हें अलग-अलग कार्य की जिम्मेवारी दी गई थी मंगलवार को प्रदेश के मुख्य सचिव सुधांशु पंत ने सभी कार्य समिति के मेंबरों के साथ प्रवासी दिवस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर फीडबैक भी लिया था और अपनी ओर से आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए थे मुख्यमंत्री शर्मा की ओर से जो कार्य समितियां गठित की गई थी सभी समितियां इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने और सफलतापूर्वक आयोजन के लिए उन्हें जो जो जिम्मेदारी और दिशा निर्देश मिले हुए हैं उसके अनुसार अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन भी कर रहे हैं मंगलवार को सभी कार्य समितियां से जुड़े मेंबर ने अपनी ओर से की गई तैयारी के बारे में मुख्य सचिव को अवगत भी करवाया बाद में मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को इस बैठक का पूरा फीडबैक दिया इसके अगले ही दिन बुधवार को मुख्यमंत्री शर्मा ने खुद इस महत्वपूर्ण आयोजन से जुड़ी सभी समितियां के मेंबरों के अलावा उद्योग विभाग पर्यटन विभाग और अन्य संबंधित विभाग के बड़े अधिकारियों के साथ सामूहिक बैठक आयोजित की और अपनी ओर से आवश्यक दिशा निर्देश भीदिए जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की कोशिश है कि यह आयोजन प्रदेश की जनता और प्रदेश के विकास के लिए एक बड़ा माध्यम बन सकता है क्योंकि राजस्थान इस समय निवेश के लिए बहुत अच्छा केंद्र बना हुआ है इसके लिए पिछले 22 महीना में मुख्यमंत्री शर्मा ने अपने स्तर पर राजस्थान में औद्योगिक माहौल तैयार करने के लिए कई बड़े कदम उठाए और कई बड़े निर्णय भी लिए इसके अलावा यहां पर पानी बिजली सड़क जैसी सुविधाओं का भी जबरदस्त विस्तार किया गया इसके अलावा रेल सड़क और वायु परिवहन सेवाओं का भी पिछले दो साल में जबरदस्त सुधार हुआ है इसलिए प्रदेश में एक अच्छा औद्योगिक माहौल तैयार करने के लिए राजस्थान पूरी तरह से तैयार नजर आ रहा है यही वजह है कि मुख्यमंत्री शर्मा चाहते हैं कि देश और विदेश में व्यापार और अन्य क्षेत्रों में नाम कमा रहे राजस्थान के लोगों से राजस्थान में भी इन्वेस्ट करवा कर प्रदेश के विकास को गति दी जा सकती है इसके लिए जरूरी यह है कि प्रवासी राजस्थानियों को हर तरह से विश्वास में लिया जाए और यही कार्य मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करते हुए दिख रहे हैं मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह के लिए सूरत हैदराबाद कोलकाता जैसे शहरों में जाकर प्रवासी राजस्थानियों से पिछले दिनों मुलाकात हुई की और उन्हें राजस्थान सरकार की ओर से की गई तैयारी के बारे में पूरी जानकारी देकर उन्हें यह भी बताया कि इस समय राजस्थान औद्योगिक माहौल के लिए पूरे देश में सबसे अच्छा स्टेट है और राजस्थान में निवेश करने पर उन्हें अच्छा प्रॉफिट भी होगा और राजस्थान सरकार उन्हें किसी भी तरह से किसी भी बात के लिए परेशान नहीं होने देगी इसलिए इस बार माना जा रहा है कि प्रवासी राजस्थानी भी यहां भारी मात्रा में निवेश कर सकते हैं इसीलिए 10 दिसंबर को आयोजित प्रवासी राजस्थान दिवस कार्यक्रम को लेकर मुख्यमंत्री शर्मा खुद नियमित रूप से अधिकारियों से फीडबैक लेते रहते हैं और अधिकारियों को बराबर निर्देशित करते रहते हैं कि इस कार्यक्रम में मेहमानों को किसी भी तरह की कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए।

## पिंडवाड़ा खनन प्रोजेक्टः भजनलाल शर्मा ने कहा निजी खातेदारी की जमीन नहीं दी जाएगी

### राज्य मंत्री ओटाराम देवासी विधायक समाराम गरासिया की अगुवाई में ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

जयपुर टाइम्स





**जयपुर(कासं.)।** संदेश में पिंडवाड़ा खनन प्रोजेक्ट को रद्द करने की मांग को लेकर पिछले कई दिनों से ग्रामीणों की ओर से विशाल प्रदर्शन और धरने का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है ग्रामीणों ने अपनी मांग को लेकर हाईवे पर भी प्रदर्शन किया था और अब भी ग्रामीणों का कहना है कि जब तक राजस्थान सरकार इस प्रोजेक्ट को रद्द नहीं करेगी तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा इस बीच बुधवार को राज्य मंत्री ओटाराम देवासी विधायक समाराम गरासिया और चार ग्राम पंचायत के प्रशासक और ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात की मुलाकात के दौरान ग्रामीणों ने अपनी मांग का ज्ञापन मुख्यमंत्री शर्मा को सौप और पिंडवाड़ा खनन प्रोजेक्ट को रद्द करने की भी मांग की इस पर मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और फिर कहा कि इस प्रोजेक्ट में निजी खातेदारी की जमीन नहीं दी जाएगी हालांकि ग्रामीणों की ओर से प्रोजेक्ट को रद्द करने की मांग पर मुख्यमंत्री ने कुछ भी नहीं कहा लेकिन इतना जरूर कहा कि इस प्रोजेक्ट में निजी खातेदारी की जमीन नहीं दी जाएगी बातचीत के दौरान ग्रामीणों ने यह भी कहा कि इस पूरे मामले को ग्रामीण अब अदालत में भी लेकर जाएंगे ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से बातचीत के दौरान कहा कि इस प्रोजेक्ट के शुरू होने से इलाके के कई गांव की व्यवस्था बिगड़ जाएगी कई तरह की यहां पर समस्या पैदा हो जाएगी इसके अलावा स्थानीय ग्रामीण और किसान इस बात को लेकर भी परेशान है कि कहीं उनकी निजी खातेदारी की जमीन इस प्रोजेक्ट की भेंट नहीं चढ़ जाए इसलिए पिछले कई दिनों से कई गांव के हजारों ग्रामीण धरने पर बैठे हुए हैं प्रदर्शन भी कर रहे हैं पिछले दिनों उन्होंने हाईवे भी जाम किया था और अब भी ग्रामीणों ने साफ कहा है कि जब तक यह योजना समाप्त नहीं की जाती तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रोजेक्ट की वजह से ग्रामीणों का जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो जाएगा ।

## ड्रग्स और अन्य मादक पदार्थ की तस्करी को रोकने के प्रभावी प्रयास : डीजीपी राजीव शर्मा

### जगतपुरा में एंटी नारकोटिक्स फोर्स ऑफिस का शुभारंभ, दिनेश एमएन भी रहे मौजूद

जयपुर टाइम्स





**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में ड्रग्स और अन्य मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए जयपुर के जगतपुरा इलाके में एंटी नारकोटिक्स फोर्स ऑफिस का शुभारंभ हो गया है इस ऑफिस का शुभारंभ पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा की ओर से किया गया इस मौके एडीजीपी दिनेश एमएन और अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूदरहे । इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा ने कहा कि राजस्थान की एक लंबी सीमा अंतर्राष्ट्रीय सीमा से जुड़ी हुई है जिसमें पाकिस्तान भी शामिल है राजस्थान में भी ड्रग्स और अन्य मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले लोगों की सक्रियता काफी ज्यादा रहती है इसलिए ड्रग्स और अन्य मादक पदार्थ के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए अब एंटी नारकोटिक्स फोर्स ऑफिस का शुभारंभ किया गया है इस ऑफिस को अत्यधिक सुविधाओं और संसाधनों से युक्त किया जाएगा ताकि ड्रग्स और अन्य मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले लोगों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जा सके उन्होंने कहा कि वैसे तो राजस्थान की सीमा पर बीएसएफ की ओर से अपने स्तर पर भी ड्रग्स और अन्य मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ नियमित रूप से कार्रवाई की जाती रही है इस कार्य में राजस्थान पुलिस और बीएसएफ दोनों मिलकर कार्य भी कर रहे हैं तथा आजकल पाकिस्तान की ओर से ड्रोन के माध्यम से भी मादक पदार्थों की तस्करी करने के प्रयास किया जा रहे हैं जिसके जवाब में बीएसएफ की ओर से एंटी ड्रोन कार्रवाई के माध्यम से प्रभावी तरीके से रोकने के प्रयास भी किया जा रहे हैं इसी क्रम में अब राजस्थान पुलिस एक विशेष रणनीति और योजना के तहत ड्रग्स और अन्य मादक पदार्थों की तस्करी की गतिविधियों पर अंकुश लगाने और तस्करों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने के लिए जरूरी कदम उठाए हैं इसी क्रम में जगतपुरा में एंटी नारकोटिक्स फोर्स का ऑफिस शुरू किया गया है डीजीपी राजीव शर्मा ने कहा कि जगतपुरा में एंटी नारकोटिक्स फोर्स ऑफिस का शुभारंभ करने से तस्करों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करने में और भी मदद मिलेगी इसके लिए बाकायदा समुचित मात्रा में स्टाफ और तकनीकी उपकरणों की भी व्यवस्था की जाएगी तथा एंटी ड्रोन सिस्टम के माध्यम से भी तस्करों की गतिविधियों को रोकने का प्रयास किया जाएगा एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि गुजरात में हाल ही में जो बड़ी कार्रवाई हुई है उसमें राजस्थान की एटीएस की एक स्पेशल टीम को वहां भेजा गया है जो बारीकी से मामले की जांच पड़ताल कर रही है जानकार लोगों का कहना है कि राजस्थान की एक लंबी सीमा पाकिस्तान की सीमा से जुड़ी हुई है जिसकी वजह से राजस्थान हमेशा से ही सीमा पार के तस्करों के निशाने पर रहा है और के निशाने पर रहा है बाड़मेर जैसलमेर जोधपुर श्रीगंगानगर बीकानेर जैसे जिलों में कई बार मौसम का फायदा उठाकर पाकिस्तान की सीमा से भारत की सीमा में अवैध मादक पदार्थ के पैकेट गिरा दिए जाते हैं पहले यह पैकेट पाकिस्तान के तस्कर पाकिस्तान की मिलिट्री के सहयोग से भारत की सीमा में फेंक दिया करते थे अब कुछ सालों से ड्रोन के माध्यम से भी पाकिस्तान के तस्कर भारत की सीमा में अवैध मादक पदार्थ के पैकेट फेंकने का प्रयास करते हैं जिन्हें कई बार बीएसएफ के जवानों ने अपने स्तर पर इन ड्रोन को नष्ट भी किया है कई बार भीषण सर्दी के दिनों में घने कोहरे और गर्मी के दिनों में रेतीली आंधियों के बीच मौसम का फायदा उठाकर तस्कर भारत में रह रहे अपने साथियों तक मादक पदार्थ के पैकेट पहुंचने के लिए भारतीय सीमा में अवैध मादक पदार्थ के पैकेट फेंक देते हैं जिन्हें कई बार बीएसएफ के जवानों ने अपने कब्जे में भी किया है तो कई बार भारत में रह रहे तस्कर इन पैकेट को खुद भी उठा लेते हैं इस तरह के मामले अक्सर सामने आए हैं इसलिए राजस्थान में तस्करों की बढ़ती हुई गतिविधियों को देखते हुए प्रदेश के भजनलाल सरकार ने अब एंटी नारकोटिक्स फोर्स ऑफिस का शुभारंभ किया ताकि तस्करों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई हो सके ।

## भजनलाल सरकार का ऐतिहासिक कदम, मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी से किया समझौता

### चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी ग्लोबल उड़ान

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पानी के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक फैसले और निर्णय लेने के बाद अब चिकित्सा के क्षेत्र में भी कई क्रांतिकारी निर्णय लेकर प्रदेश के चिकित्सा क्षेत्र को वैश्विक मानक के आधार पर जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं ताकि प्रदेश में चिकित्सा के क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा नवाचार अनुसंधान और प्रयोग हो जिसकी वजह से प्रदेश में चिकित्सा के ढांचे में तो मजबूती और आधुनिकरण दिखेगा ही इसके अलावा प्रदेश के लोगों को भी बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी इसी क्रम में प्रदेश की बदला सरकार ने मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी से चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक समझौता किया है भजनलाल सरकार का यह नया कदम स्वास्थ्य सेवाओं के विकास की दिशा में मिल का पत्थर माना जा रहा है मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधियों से किए गए समझौते से चिकित्सा शिक्षा अनुसंधान क्षमता निर्माण और स्वास्थ्य सेवाओं के विकास की दिशा मैं एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है इस समझौते से राजस्थान में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होने के साथ-साथ चिकित्सा शिक्षा को वैश्विक मानकों से जोड़ा जाएगा इस समझौता ज्ञापन में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर शैक्षिक कार्यक्रमों के सा विकास शेयर्ड टचिंग मेथड और संयुक्त कार्य प्रणाली को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया गया है इसके जरिए राज्य के चिकित्सा पेशेवरों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने में बढ़ावा देगी । इस समझौते का एक और महत्वपूर्ण हिस्सा है गैर संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण में सहयोग करना इस समझौते के जरिए दोनों पक्षों के बीच इस विषय में रिसर्च को बढ़ावा मिलेगा जिससे स्वास्थ्य सेवा और बेहतर बनेगी जो वैश्विक मानकों पर मजबूती बन सकेगी इस महत्वपूर्ण समझौते को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्पष्ट किया कि राज्य में चिकित्सा प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए सरकार लगातार ठोस कदम उठा रही है इसी क्रम में इंटीग्रेटेड हेल्थ मैनेजमेंट सिस्टम में आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट का उपयोग अनिवार्य कर दिया गया है इस कदम से हर नागरिक का स्वास्थ्य रिकॉर्ड डिजिटल रूप में सुरक्षित रहेगा और मोबाइल पर आसानी से उपलब्ध होगा जिसे इलाज में पारदर्शिता और सुविधाबढ़ेगी । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बताया कि अब तक राजस्थान में 6.37 करोड़ से अधिक आभा आईडी बनाई जा चुकी है इससे प्रदेश इस पल में देश में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है इसे आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के सफल क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है ।

## घूमर नृत्य को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के जोरदार प्रयासः दिया कुमारी

### पर्यटन भवन में महिला मोर्चा के साथ घूमर महोत्सव को लेकर उपमुख्यमंत्री ने की बड़ी बैठक प्रदेश के सभी संभागों में 19 नवंबर होगा घूमर नृत्य महोत्सव का आयोजन

जयपुर टाइम्स





**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश की उपमुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि राजस्थान सरकार राजस्थान के घूमर नृत्य को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए जोरदार प्रयास कर रही है उन्होंने कहा कि वैसे तो राजस्थान का घूमर नृत्य पूरी दुनिया में अपनी अलग पहचान रखता है लेकिन इस घूमर नृत्य को वैश्विक स्तर पर और अधिक लोकप्रियता मिले इसके लिए सरकार नवाचारों के साथ प्रयास कर रही है उन्होंने कहा कि राजस्थान की कला संस्कृति वेशभूषा खान पान संगीत नृत्य खेल सब कुछ पूरी दुनिया में निराला है इसीलिए बड़ी संख्या में देश और विदेश के पर्यटक यहां पर आते हैं फिर भी घूमर नृत्य जो राजस्थान की आत्मा है उसको वैश्विक स्तर पर और भी लोकप्रियता मिले ताकि प्रदेश में विदेशी पर्यटकों की संख्या में और भी इजाफा हो उन्होंने कहा कि इसीलिए आगामी 19 नवंबर को प्रदेश के सभी संभागों जयपुर जोधपुर अजमेर बीकानेर कोटा उदयपुर श्रीगंगानगर भरतपुर संभाग में नृत्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है इसके लिए पूरे प्रदेश भर में तैयारी चल रही है दिया कुमारी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि इस घूमर नृत्य में हिस्सा लेने के लिए 12 साल से अधिक कोई भी बालिका और महिला इसमें रजिस्ट्रेशन करवा सकती है इसके लिए संभाग स्तर पर घूमर नृत्य के लिए आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है उन्होंने कहा कि इसके लिए पर्यटन विभाग और प्रशासन पुलिस सभी डिपार्मेंटसामूहिक नृत्य आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए जोरदार तैयारी कर रहे हैं इसके लिए स्थानीय कलाकारों और इस आयोजन में शामिल होने वाली बालिकाओं और महिलाओं को आवश्यक ट्रेनिंग दी जा रही है ताकि 19 नवंबर को आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम पूरी दुनिया में अपनी लोकप्रियता की छाप छोड़े द्य जानकारी के अनुसार दिया कुमारी ने जयपुर के परिवर्तन भवन में महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं के साथ आवश्यक बैठक आयोजित की इस बैठक में घूमर नृत्य की व्यवस्थाओं प्रशिक्षण इत्यादि के बारे में चर्चा की गई और आवश्यक निर्णय लिए गए जानकारी के अनुसार राजस्थान के इतिहास में यह पहली बार होगा जब प्रदेश के सभी संभागों में सामूहिक घूमर नृत्य का आयोजन होगा इस नृत्य को और भी आकर्षक और सुंदर बनाने के अलावा पूरी दुनिया में इसका और भी प्रचार प्रसार हो इसके लिए राजस्थान की भजनलाल सरकार ने इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का व्यापक स्तर पर आयोजन करवा रही है इस घूमर नृत्य का लाइव प्रसारण भी टीवी न्यूज़ चैनल सोशल मीडिया इत्यादि में किया जाना भी सुनिश्चित किया जा रहा है द्य पत्रकारों से बातचीत के दौरान दिया कुमारी ने कहा कि दिल्ली बम धमाके की जितनी निंदा की जाए उतनी कम है इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने पहले ही कह दिया है कि इस बम कांड में शामिल प्रत्येक व्यक्ति की पहचान करके उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी दिया कुमारी ने इस हादसे में मौत का शिकार हुए लोगों के परिजनों के प्रति भी गहरी संवेदना प्रकट की है एक अन्य सवाल के जवाब में दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान में राजस्थान पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है सुरक्षा के मजबूत प्रबंध हैं यहां पर देसी और विदेशी पर्यटक को किसी भी तरह की असुविधा का सामना करना नहीं पड़ेगा और ना ही उनके सामनेकिसी भी तरह की कोई सुरक्षा व्यवस्था जैसी दिक्कत सामने आएगी उन्होंने कहा कि राजस्थान पूरी तरह से सुरक्षित स्टेट है यहां पर्यटक निश्चिंत होकर घूमने आए।

# जिला कलक्टर ने सडक सुरक्षा अभियान का धरातल पर लिया जायजा

### सडक से लेकर स्कूल तक देखे रोड सेफटी मेजर्स के कार्य

### टोल प्लाजा पर अभियान के तहत की जा रही जागरूकता गतिविधियों को परखा



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बुधवार को 'सडक सुरक्षा अभियान' के तहत धरातल पर किये जा रहे क्रियान्वयन का प्रमुख सडकों, टोल प्लाजा व सडक पर स्थित स्कूलों का निरीक्षण कर जायजा लिया। जिला कलक्टर ने सडक सुरक्षा से जुडी हुई एजेन्सियों के अधिकारियों के दल के साथ एसएच-25, एनएच-248, महुआ टोल प्लाजा एवं इन सडकों पर स्थित स्कूलों का दौरा कर रोड सेफटी मेजर्स का बारिकी से निरीक्षण किया। उन्होंने महुआ खुर्द, ए.पी.एस. स्कूल सहित सडक पर स्थित स्कूलों के आस-पास की सडक पर किये गये सुरक्षात्मक उपायों का जायजा लिया। जिसमें रोड साईन बोर्ड, रम्बल स्ट्रीप, स्पीड ब्रेकर पर पेंट आदि मौक पर सही स्थिति में मिले। उन्होंने निर्देश दिये कि स्कूल के आस-पास सडक सुरक्षा उपायों का सख्ती से पालना कराई जावें तथा स्कूल के आस-पास की झाडियों को हटावें। उन्होंने महुआ टोल प्लाजा पर सडक सुरक्षा अभियान के तहत की जा रही जागरूकता गतिविधियों का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि अभियान के दौरान व उसके उपरान्त भी निरन्तर वाहन चालकों को सडक सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जावे जिसमें हेलमेट व सीट बैल्ट की उपयोगिता के बारे में समझाइश करे, रिफलेक्टर विहिन वाहनों पर रिफलेक्टर लगाये। सडक सुरक्षा से जुडे जागरूकता पैम्पलेट्स का वितरण करावे। अभियान के दौरान लगाये आई चैकअप कैम्प में चिन्हित किये गये वाहन चालकों के उपचार का फीडबैक लेवें तथा समय-समय पर इन कैम्पों का आयोजन करावें। उन्होंने निर्देश दिये कि जिले के सभी टोल प्लाजाओं पर इस प्रकार की गतिविधियां आयोजित करावे। उन्होंने एनएच-248 का हनुमान सर्किल से बगड तिराये तक जायजा लेकर एनएचआई के सहायक अभियन्ता को पर स्लीप लेन की टूटी हुई रेलिंग को दुरस्त कराने, आवश्यकतानुसार साईन बोर्ड लगवाने, सडक की धुधली हुई व्हाइट लाइन पर पेंट कराने के निर्देश दिये। इसी प्रकार रिडकोर के पीडी को निर्देशित किया कि एसएच-25 पर मापदण्ड अनुसार स्पीड ब्रेकर, साईन बोर्ड आदि को दुरस्त करावे। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिशाषी अभियन्ता को निर्देश दिये कि मैन हाईवे से जुडने वाले इंटररोड पर मापदण्डों के अनुरूप स्पीड ब्रेकर बनवायें। साथ ही वहां पर साईन बोर्ड स्पष्ट दिखाई देने वाले स्थान पर लगवाये जाये। इस दौरान पीडब्ल्यूडी की अधिशाषी अभियन्ता अल्का व्यास, रिडकोर के पीडी पंकज मोदगिल, आरएसआरडीसी के पीडी सतीश प्रजापत, एनएचआई के सहायक अभियन्ता राहुल जागिंड सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## मुण्डावर विधानसभा क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(नि.सं.)।** जिला निर्वाचन अधिकारी खैरथल-तिजारा डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशों की अनुपालना में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी मुण्डावर सृष्टि जैन की अध्यक्षता में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधानसभा क्षेत्र के समस्त पटवारियों को पुनरीक्षण कार्य से संबंधित आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। एसडीएम सृष्टि जैन ने विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया, उद्देश्य तथा गणना प्रपत्रों के डिजिटलाईजेशन के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारीगण परिक्षेत्र में रहकर आमजन को ऑनलाइन गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया के बारे में जागरूक करें, ताकि मतदाता सूची के अद्यतन कार्य में आमजन की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (तहसीलदार) विवेक कटारिया, निर्वाचन शाखा के गौरव यादव, सभी भू-अभिलेख निरीक्षक एवं पटवारीगण उपस्थित रहे।

## खेलो इंडिया पेंचक सिलाट महिला लीग का हुआ समापन




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** एक दिवसीय खेलो इंडिया पेंचक सिलाट महिला लीग का समापन कल पुलिस अन्वेषण गार्डन में हुआ यह प्रतियोगिता का सम्बन्ध भारतीय खेल प्राधिकरण व युवा मामले एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार से है, देश भर में अस्मिता खेलो इंडिया महिला लीग के नाम से आयोजन कराया जा रहा है इसमें पेंचक सिलाट महासंघ भारत की ओर से राजस्थान के चार ज़िलों में यह प्रतियोगिता आयोजित होगी जिनमें जयपुर, उदयपुर, बीकानेर और अलवर सम्मिलित है अलवर ज़िले में यह प्रतियोगता कल पुलिस अन्वेषण गार्डन में सम्पन्न हुई, पेंचक सिलाट संघ अलवर के अध्यक्ष सोमवीर सिंह तंवर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 210 महिला खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन हुआ इनमें पाँच साल से 45 साल तक की महिला खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया यह प्रतियोगिता का नेतृत्व पेंचक सिलाट संघ अलवर के महासचिव अमित कुमार की देख रेख में हुआ, यह महिला लीग का ध्यान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप है जिसका उद्देश्य भारत को एक वैश्विक खेल महाशक्ति बनाना जहाँ महिलाएँ केंद्रीय भूमिका निभाएँ और खेलों के माध्यम से अपनी पहचान बनाय इस कार्यक्रम के समापन पर प्रेम सिंह राजावत, जितेंद्र राठौड़, सीदास सिंह राजावत महिला कोच नीधि शर्मा, पवन यादव, टीकम चंद सैनी, आदि सम्मिलित रहे।

## बेनामी संत बाबा मोहनदास सेवा समिति अलवर की आमसभा 16 नवंबर को

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** बेनामी संत बाबा मोहनदास सेवा समिति की आवश्यक बैठक बुधवार को समिति कार्यालय पर रखी गई। जिसमें समिति अध्यक्ष केशरी सिंह सैनी ने प्रस्ताव रखा कि समिति की आगामी दिनों में एक आमसभा आयोजित की जाये व समिति के चुनाव विषय पर चर्चा की जाये, समिति के चुनाव करवाना अति आवश्यक है। सभी सदस्यों ने प्रस्ताव पर अपनी सहमति जताई और 16 नव बर, रविवार को समिति कार्यालय नटनी का बारा, लालपुरा पर आमसभा रखने का निर्णय लिया गया। समिति के सभी सदस्यों से अपील की गई है कि वे सभी सदस्य 16 नव बर, रविवार को प्रातः 11 बजे समिति कार्यालय नटनी का बारा लालपुरा पर पहुंचकर आमसभा में आवश्यक रूप से भाग लेंवे ओर अपने विचार रखे। बैठक में समिति संरक्षक महन्त मनोहरदास, अध्यक्ष केशरी सिंह सैनी, उपाध्यक्ष सीताराम सैनी भन्डोडी, महामंत्री लक्ष्मण मावर, कोषाध्यक्ष तिलक सैनी, सदस्य बनवारी सैनी हल्दीना, घीसाराम सैनी बरखेडा, मनिराम बरखेडा, जितेन्द्र सैनी मालाखेडा, कन्हैयालाल पृथ्वीपुरा, रामस्वरूप सैनी सोता का बास मौजूद रहे।

## एनीमिया नियंत्रण हेतु 'पिंक पखवाड़ा अभियान' की तैयारी शुरू

### जिला स्तरीय कार्यशाला में एफसीएम इंजेक्शन के उपयोग पर प्रशिक्षण

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)** गर्भवती एवं धात्री महिलाओं में एनीमिया नियंत्रण के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 'पिंक पखवाड़ा अभियान' 17 से 30 नवम्बर तक जिलेभर में आयोजित किया जाएगा। अभियान की तैयारी को लेकर जिला स्तर पर कार्यशाला आयोजित हुई मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा ने अधिकारियों को लक्ष्यों की समय पर पूर्ति एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए नोडल अधिकारी डॉ. मंजु शर्मा ने अभियान की कार्ययोजना, रिपोर्टिंग और मॉनिटरिंग की जानकारी देते हुए बताया कि फेरिक कार्बोक्सीमाल्टोज (FCM) इंजेक्शन चिकित्सक की देखरेख में ही दिया जाएगा। एएनएम व आशा सहयोगिनियाँ एनीमिया पीड़ित महिलाओं को सूचीबद्ध कर संस्थान तक लाएंगी डॉ. अंजुम बानों व डॉ. नवीन जाखड़ ने एफसीएम इंजेक्शन की प्रक्रिया, डोज व प्रबंधन पर प्रशिक्षण दिया। डॉ. सुनील खंडेलवाल ने AEFI प्रबंधन पर जानकारी दी। कार्यशाला में उप निदेशक महिला अधिकारिता ऋषिराज सिंधल, डॉ. टेकचन्द, मनीष शर्मा, अशोक कुमार व जपाईगों संस्थान के प्रतिनिधि प्रभू उपस्थित रहे अभियान का लक्ष्य – अधिकाधिक गर्भवती व धात्री महिलाओं को एनीमिया से मुक्त कर स्वस्थ मातृत्व सुनिश्चित करना है।

## जिला कलक्टर ने की यूआईटी के आधारभूत अवसंरचनागत कार्यो एवं बजट घोषणाओं में प्रगति की समीक्षा



### न्यास बैठको में स्वीकृत कार्यों में से 52 पूर्ण, 70 कार्य प्रगतिरत तथा 75 कार्यों के यथाशीघ्र जारी होंगे कार्य आदेश

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट सभागार में बैठक लेकर नगर विकास न्यास के आधारभूत अवसंरचनागत कार्यो एवं बजट घोषणाओं में प्रगति की समीक्षा कर यूआईटी के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने यूआईटी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकास कार्यों एवं बजट घोषणाओं के कार्यों का क्रियान्वयन गुणवत्ता के साथ निर्धारित टाइम लाइन में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने यूआईटी सचिव से 70 प्रगतिरत एवं 52 पूर्ण कार्यों की वस्तु स्थिति की जानकारी लेकर निर्देश दिए कि आमजन की सुविधाओं से जुड़े कार्य यथा सड़क व नाला निर्माण सहित आधारभूत अवसंरचनागत कार्य प्राथमिकता से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि शहर के ड्रेनेज एवं सीवरेज सिस्टम की बेहतर प्लानिंग के लिए सैटेलाइट इमेजरी डिजिटल मैप तैयार करावें तथा और अवसंरचनागत कार्यों के बेहतर प्रबंधन हेतु इंफ्रास्ट्रक्चर मॉनिटरिंग एप्प तैयार करावें। उन्होंने निर्देश दिए कि सामान्य चिकित्सालय में ओपीडी भवन उन्नयन एवं मरम्मत कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करावें। उन्होंने निर्देश दिए कि शहर के सौंदर्यकरण की दृष्टि से निर्माणाधीन फूड स्ट्रीट सर्वसुविधायुक्त हो तथा सर्वे कर शहर में अन्य जगह फूड स्ट्रीट निर्माण के लिए जगह निर्धारित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के लिए आवश्यक संरचनागत कार्य, हनुमान चौराहे से बगड़ तिराया तक स्ट्रीट लाइट कार्य, बहरोड रोड डिवाइडर एवं डांबर पेवरीकरण कार्य, चिल्ड्रन पार्क उन्नयन कार्य, माटिया कुंडू जीर्णोद्धार कार्य इत्यादि को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने निर्देशित किया कि अग्यारा स्थित ट्रीटेड वॉटर प्लांट के शोधित पानी का सदुपयोग हो इसके लिए कार्य योजना बनावें। बैठक में यूआईटी सचिव धीग्दे स्नेहल नाना, यूआईटी के अधीक्षण अभियंता तैयब खान, जेवीवीएनएल के अधिशासी अभियंता महेश देशवाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## विधायक महंत बालक नाथ योगी ने की जनसुनवाई, कहा 'तिजारा के विकास में नहीं आयेगी कमी '



जयपुर टाइम्स

**तिजारा(निसं.)।** विधायक महंत बालक नाथ योगी ने तिजारा, टपूकड़ा व भिवाड़ी में जनसुनवाई करते हुए आमजन की समस्याओं को सुना व उनके निस्तारण के सम्बन्ध में अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में समस्त विधानसभा क्षेत्र में विकास के लिए कार्य किए जा रहे हैं। पिछले दिनों मुख्यमंत्री के अतिरिक्त केन्द्रीय केबिनेट मंत्री व अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव के द्वारा भिवाड़ी जल भराव समस्या के स्थायी समाधान के लिए चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त भिवाड़ी, तिजारा व टपूकड़ा में विकास कार्यों को लेकर भी निरन्तर बैठक उनके द्वारा की गई है। इसके अतिरिक्त शिक्षा स्वास्थ्य सड़क व अन्य मूलभूत आवश्यकताओं के लिए भी बजट के अनुरूप कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास करते हुए जिस तरह से तिजारा की जनता ने विश्वास व्यक्त किया और भाजपा पार्टी को सेवा का अवसर दिया, उसके सकारात्मक परिणाम जमीनी स्तर पर जनता को मिलने लगे हैं। जनता आज विश्वास के साथ भाजपा पार्टी के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि अलगाववादी अराजक ताकतों को अब समूल नष्ट करने के लिए जमीनी स्तर पर कार्य हो रहा है। लव-जेहाद गोतस्करी सहित अन्य समाज विरोधी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस व प्रशासन के साथ आवश्यक दिशा-निर्देश बैठके कर स्थिति पर नजर रखी जा रही है। वहीं अपराधों के रोकथाम के लिए भी विशेष कारवाई व सघन जांच के निर्देश दिए गए हैं?। तिजारा के सर्वांगीण विकास में कहीं कोई कमी नहीं आयेगी।

## विधायक SIR को लेकर आयोजित बैठक में रहे उपस्थित



जयपुर टाइम्स

**तिजारा(नि.सं.)।** विधानसभा में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण (SIR) को लेकर आवश्यक बैठक आयोजित हुई। इस दौरान तिजारा विधायक महंत बालक नाथ योगी प्रशासनिक अधिकारियों के साथ तिजारा और टपूकड़ा में आयोजित बैठक में उपस्थित रहे। बैठक के उपरांत उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा मतदाताओं की शुद्धिकरण के लिए जो ऐतिहासिक निर्णय लिया है वह लोकतंत्र की जड़ मजबूत करने वाला सिद्ध होगा। देश में कुछ ताकतें नहीं चाहती कि लोकतंत्र को मजबूती मिलें इसलिए झूठ का सहारा लेकर आम जन के बीच मनगढ़ंत बातें बनायी जा रही है। जिन्होंने देश में इमरजेंसी थोपीं, निरंकुश शासन किया, उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मजबूत होता हुआ देश रास नहीं आ रहा है। बैठक के दौरान बीएलओ 2 सहित भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

## विश्व मधुमेह दिवस 14 नवंबर से, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर शुरु करेगी 'मिशन डायबिटीज मुक्त अलवर'

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर शाखा द्वारा विश्व मधुमेह दिवस 14 नव बर 2025 से भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शारीरिक फिटनेस को जीवन का एक तरीका बनाने के उद्देश्य से प्रार भ किया प्रोजेक्ट 'फिट इंडिया मूवमेंट् के तहत 'मिशन-डायबिटीज मुक्त' अलवर प्रार भ करने जा रहा है। जिसका प्रार भ अलवर सांसद खेल उत्सव - 2025 से इंदिरा गाँधी स्टेडियम अलवर से प्रारंभ होगा। केन्द्रीय वन व पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव तथा वन व पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा के दिशानिर्देशानुसार ऐसे चिन्हित स्थान जहाँ बिलकुल मेडिकल सुविधाएँ नहीं है उन स्थानों पर ये मोबाइल मेडिकल वैन जाकर अपनी सेवाएँ प्रदान कर रही है, साथ ही ये गर्भवती महिलाओ की हीमोग्लोबिन जाँच, निःशुल्क दवा वितरण, स्कूलों में बच्चो के नेत्र जाँच को प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रही है।

इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर के चेयरमैन डॉ. एस.सी.मित्तल ने बताया कि अलवर सांसद खेल उत्सव - 2025 में 'फिट इंडिया मूवमेंट' के तहत 'मिशन - डायबिटीज मुक्त अलवर' प्रारंभ करके 14,15 नव बर को फाइनल मैचों के अंतर्गत आने वाले लोगो का निःशुल्क मधुमेह जाँच शिविर इंदिरा गाँधी स्टेडियम में लगाया जा रहा है। यह शिविर प्रातः साढ़े 8 से शाम साढ़े 4 बजे तक दोनों दिन चलेगा। खास तौर पर 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगो को आह्वान किया जा रहा है कि आकर अपना निःशुल्क मधुमेह, ब्लड प्रेशर की जाँच जरूर करवायें। वहीं 14 नव बर को एक मेडिकल मोबाइल यूनिट अलवर में, एक यूनिट राजगढ, एक यूनिट रामगढ, एक यूनिट बहरोड क्षेत्र में, एक यूनिट भिवाडी क्षेत्र में अपनी सेवाएँ प्रदान करेंगे। वही 15 नवंबर 2025 को पाँचो मेडिकल मोबाइल यूनिट्स अलवर के इंदिरा गाँधी स्टेडियम में अपनी सेवाएँ प्रदान करेंगी।

सचिव डॉ रूप सिंह ने बताया कि आमजन यदि चाहे तो सिर्फ अपनी दिनचर्या एवं खान-पान में बदलाव लाकर ही मधुमेह रोग पर जीत पा सकता है उसको डॉक्टर्स के पास जाने की जरूरत ही नहीं पडेगी। नियमित व्यायाम, रोजाना घूमना, समय पर नियमित पौष्टिक आहार का सेवन, समय पर सोना-उठाना, सेन्डेंट्री हैबिट्स को छोडकर (जैसे तनाव, धुम्रपान, मदिरा, तंबाकू सेवन इत्यादि) भी मधुमेह का मरीज बिना दवा के शुगर को आसानी से कण्ट्रोल कर सकता है पर नियमित जाँच करके अपनी शुगर लेवल पर ध्यान रखना जरूरी रहेगा।

इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की अध्यक्ष एवं जिला कलेक्टर अलवर डॉ अर्तिका शुक्ला के नेतृत्व में इस प्रोजेक्ट के तहत अलवर में 3 वैन (अलवर, राजगढ़, रामगढ़), भर्तहरी (खैरथल - तिजारा - भिवाडी ) में एक वैन, बहरोड - कोटपुतली जिले में एक वैन कार्यरत है। अलवर शहर, बहरोड में नीमराना, बानसूर, थानागाजी के आस पास का क्षेत्र , कोटकासिम के तहत किशनगढबास, तिजारा, मंडावर तथा राजगढ के तहत मालाखेडा, रैनी, उमरैण का क्षेत्र तथा लक्ष्मणगढ के तहत कठूमर, गोविन्दगढ, रामगढ के आस पास के क्षेत्र इस मेडिकल मोबाइल यूनिट का लाभ ले सकेंगे। यह यूनिट्स 'डॉक्टर आपके के द्वार' थीम पर कार्य करेंगी। उपकरणों के साथ सुसज्जित हर एक वातानुकूलित मोबाइल वैन में एक डॉक्टर्, एक नर्सिंग स्टाफ, एक फार्मासिस्ट, एक ड्राइवं कम हेल्पर कुल 4 लोगो का स्टाफ उपस्थित रहेगा। सभी मरीजो के लिए निःशुल्क दवा, शुगर जाँच, ब्लड प्रेशर इत्यादि सभी निःशुल्क उपलब्ध करवाए जायेंगे।

## पुजारियों ने निकाली जनआक्रोश रैली, जिला प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा ज्ञापन





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान पुजारी महासंघ के तत्वावधान में बुधवार को सर्व समाज ने भवानी तोप से मिनी सचिवालय तक जन आक्रोश रैली निकानली गई। महासंघ के पंडित विवेकानन्द शर्मा ने बताया कि रैली में प्रमुख रूप से भगवान लड्डूगोपाल जी को साथ लेकर घंटा घडियाल बजाते हुए निकाली गई। जहां शहर में हो रही चौरियों, मंदिरों की भूमि पर अराजक तत्वों द्वारा नाजायज कब्जा करने, शहर के मंदिरो मे भगवान की प्रतिमा को तोडने् एवं देवस्थालो पर नशेडियों के जमावड़े खिलाफ आक्रोश जताया गया। रैली भवानी तोप से प्रार भ होकर पंडितजन घंटा घडियाल बजाते हुए मिनी सचिवालय पहुंचे। वहाँ भगवान श्री लड्डूगोपाल जी की आरती की गई। उसके पश्चात् जिलाधीश और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया गया तथा मांग की गई की प्रशासन मंदिरों की सुरक्षा की व्यवस्था करें। रैली में पुजारी महासंघ के अध्यक्ष आचार्य राजेंद्र शर्मा, जिला ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष विश भर दयाल शर्मा, बजरंग दल के पदाधिकारी, राजस्थान ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष जगदीश शर्मा, विप्र सेना के अध्यक्ष अमित शर्मा, विश्वहिंदू परिषद के विजेंदर मंत्री, नाथ समाज के अतुलनाथ योगी, विप्र फाउंडेशन के प्रभुदयाल, धर्म जागरण के ब्रह्म मुनि, गायत्री परिवार के राजेंद्र सेठी, अलवर जिला युवा ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष पंडित विवेकानन्द शर्मा, बालकिशन शर्मा, राजकुमार शर्मा, रघुवीर स्वामी, श्याम पाराशर, अनिल शर्मा, मोनू पंडित, नत्थू राम शास्त्री, कंचन शर्मा, गजेंद्र शर्मा, रमाकांत शर्मा, महेश चंद शर्मा, केशव प्रधान आदि शामिल हुए।

राज्य जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
13 नवम्बर, 2025

## पुलिस अधीक्षक विकास ने पुलिस लाइन में संपर्क सभा का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने आज पुलिस लाइन के सभागार में जिले के पुलिसकर्मियों की संपर्क सभा ली। संपर्क सभा में उपस्थित पुलिसकर्मियों व कार्मिकों की ड्यूटी से सबन्धित तथा निजी समस्या के बारे में जाना तथा उनके समाधान के लिए मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए तथा कहा कि किसी भी जवान या अधिकारी को कोई भी समस्या हो तो वह सीधे कार्यालय में आकर भी अवगत करवाए। पुलिस अधीक्षक द्वारा संपर्क सभा के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं जवानों से तनाव प्रबंधन और मानसिक स्वास्थ्य विषय पर विस्तृत संवाद किया एवं पुलिसकर्मियों के दैनिक जीवन में आने वाले मानसिक दबाव, कार्य की जटिलताओं, पारिवारिक जिमेदारियों एवं ड्यूटी के दौरान उत्पन्न होने वाले तनाव के कारणों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि पुलिस का कार्य अत्यंत चुनौतीपूर्ण होता है, इसलिए मन की स्थिरता और सकारात्मक सोच बनाए रखना बहुत आवश्यक है, उपस्थित अधिकारियों और जवानों को तनाव कम करने के व्यावहारिक उपाय, जैसे योग, ध्यान, नियमित व्यायाम, संवाद बनाए रखना तथा सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना आदि के बारे में जानकारी दी। पुलिस लाइन में डिस्पेंसरी एवं बच्चों के लिए स्कूल खुलवाने के लिए जरूरी औपचारिकताएं पूरी करवाने की भी बात कही। इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने पुलिस लाइन का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, इसके साथ ही शीघ्र ही पुलिस लाइन में लाइब्रेरी शुरू करने के लिए पुलिस लाइन में स्थान चिन्हित भी किया है। संपर्क सभा में वृताधिकारी वृत्त धौलपुर कृष्णराज जांगिड़, थाना धिकारीगण व पुलिस अधिकारी एवं जवान मौजूद रहे।

## प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड नीतू द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का किया आयोजन




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार प्रिंसीपल मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड नीतू द्वारा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला परिषद के पास बाड़ी रोड धौलपुर में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उन्होंने निःशुल्क विधिक सहायकता एवं महिला सशक्तिकरण के बारे में बताया। इसके साथ ही अनुसूचित जाति व जनजातियों के लिए विरूद्ध अस्पृश्यता और अत्याचार, बाल विवाह के दुष्परिणाम, निःशुल्क विधिक सहायकता एवं महिला सशक्तिकरण के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। भारत के संविधान का अनुच्छेद 39(ए) यह सुनिश्चित करता है कि न्याय तक पहुँच आर्थिक या अन्य अक्षमता के कारण किसी से वंचित न रहे। इसी संवैधानिक भावना को लागू करने के लिए संसद ने वर्ष 1987 में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 पारित किया। इस अधिनियम के तहत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की स्थापना हुई, जो 9 नवम्बर 1995 से लागू हुआ। इसी उपलक्ष्य में 'कानूनी सेवा दिवस' मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को न्याय तक पहुँच उपलब्ध कराना, आम नागरिकों में कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना, यह सुनिश्चित करना कि गरीबी या अशिक्षा किसी को न्याय से वंचित न करे, लोगों को लोक अदालतों, मध्यस्थता और सुलह जैसे वैकल्पिक न्याय तंत्रों के बारे में जानकारी देना, समाज में न्यायिक साक्षरता को बढ़ावा देना आदि है साथ ही अनुसूचित जाति व जनजातियों के लिए विरूद्ध अस्पृश्यता और अत्याचार, बाल विवाह, मीडियेशन फॉर दी नेशन अभियान, राष्ट्रीय लोक अदालत, पॉश एक्ट व नालसा हेल्पलाईन नम्बर 15100 एवं नालसा व रालसा स्कीमों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई साथ ही जिले में ग्राम न्यायालय अधिनियम 2008 के उद्देश्य को प्रभावी रूप से लागू किए जाने के संबंध में मोबाइल न्यायालयों की कार्यप्रणाली, प्रकरण दायर करने की प्रक्रिया तथा उपलब्ध विधिक सहायता के बारे में भी विस्तार से बताया। साथ ही जनउपयोगी सेवाओं से संबंधित एवं न्याय आपके द्वार-लोक उपयोगिता समस्याओं का सुलभ एवं त्वरित समाधान" एवं सड़क सुरक्षा सप्ताह अभियान के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर सदस्य राकेश कुमार परमार, महेन्द्रसिंह, मोहनप्रकाश, सीओ गाइड सीमा रिजवी, एएलटी स्काउट, भरतपुर द्वारिका प्रसाद, स्काउटर शीलेंद्र शर्मा, सीना यादव, नीतू, रानी धाकड, प्रियंका शर्मा, तनु गुर्जर गाइडर, हरिओम शर्मा, आलोक दुबे, आयुष शर्मा व स्काउट्स गाइड्स, अध्यापक व अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

## चालान के भय से नहीं बल्कि खुद से करें नियमों की पालना-विकास सांगवान

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस.)।** जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी व जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के दिशा निर्देशन में चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत यातायात नियमों की पालना को लेकर होर्डिंग का विमोचन जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने किया। चंद्रमल फाउंडेशन की ओर से जारी किए गए होर्डिंग्स का विमोचन करते हुए जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने कहा कि आमतौर पर चालक चालान के भय से थोड़ी देर के लिए यातायात नियमों की पालना करते हैं। जब कि जरूरत है इन नियमों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने की। उन्होंने कहा कि यदि चालान के भय से आप नियमों की पालना करते हैं, तो आप अपने आप को धोखा दे रहे हैं। इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि स्वयं सेवी संस्था के माध्यम से सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत जिला मुख्यालय पर होर्डिंग लगाई जा रही है। जिससे लोगों में यातायात नियमों के प्रति चेतना पैदा हो। इसके अलावा विभाग द्वारा यातायात पुलिस के सहयोग से रिफ्लेक्टर अभियान ट्रैफिक पॉइंट पर चलाया गया। जहां 100 से अधिक वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए तथा वाहन चालकों के बीच समझाइश की गई। इसके अलावा विभाग द्वारा नियमित संघन जांच के माध्यम से यातायात नियमों की पालना न करने वाले चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। यातायात प्रभारी बलविंदर सिंह ने बताया कि हमारे द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत नियमित कार्रवाई की जा रही है। अब तक लगभग 789 वाहनों के विरुद्ध चालान किए गए हैं। यातायात पुलिस द्वारा तेज गति से वाहन चलाने के आरोप में, बिना हेलमेट के वाहन चलने तथा बिना नंबर के वाहन चलाने वाले चालकों के साथ नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चालकों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

# युवा सांसद संजना जाटव और रेहाना रियाज को कांग्रेस में बड़ी जिम्मेवारी मिली

### संजना जाटव को मध्य प्रदेश में पार्टी का सह प्रभारी और रहना रिहाज को महाराष्ट्र में पार्टी का शह प्रभारी बनाया गया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** सबसे कम उम्र में लोकसभा में पहुंचने वाली कांग्रेस पार्टी की युवा सांसद संजना जाटव और गहलोत सरकार में राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष रही रेहाना रियाज को कांग्रेस हाई कमान ने बड़ी जिम्मेदारी दी है इनमें धौलपुर भरतपुर सांसद संजना जाटव को मध्य प्रदेश में पार्टी का सह प्रभारी बनाया है तो रहना रिहाज को महाराष्ट्र में पार्टी का शहर प्रभारी बनाया है




मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के प्रभारी के रूप में राजस्थान के ही हरीश चौधरी नियुक्त हैं इस तरह से राजस्थान के इन दोनों नेताओं को मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी मिली है उल्लेखनीय है कि संजना जाटव जब धौलपुर भरतपुर लोकसभा सीट से पिछला चुनाव जीती थी उस समय उनकी आयु सिर्फ 25 साल थी इस तरह से सबसे कम उम्र की संसद के रूप में उन्होंने लोकसभा में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई थी वैसे संजना जाटव सोशल मीडिया पर भी हमेशा सुर्खियों में रही है प्रियंका गांधी और सचिन पायलट की काफी करीबी नेता मानी जाती हैं अब जिस तरह से उन्हें मध्य प्रदेश जैसे एक महत्वपूर्ण स्टेट में पार्टी के संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी मिली है यह अपने आप में एक बड़ी जिम्मेदारी है देखने वाली बात यह है कि इस जिम्मेदारी को संजना जाटव कितनी गंभीरता और सफलतापूर्वक निभा पाती हैं इसी तरह से महाराष्ट्र में कांग्रेस पार्टी की सह प्रभारी बनाई गई रेहाना रियाज गहलोत सरकार में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष पद पर काम कर चुकी हैं और रेहाना रियाज भी प्रियंका गांधी की काफी करीबी मानी जाती है जानकार लोगों का कहना है कि संजना जाटव और रेहाना रियाज को यह जो बड़ी जिम्मेदारी मिली है इसके पीछे प्रियंका गांधी और सचिन पायलट का बड़ा हाथ है उल्लेखनीय है कि संजना जाटों ने पिछले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी शैलेंद्र सिंह को करीब 51 हजार वोटो के अंतर से हराया था संजना जाटव कि इस जीत से एक तरीके से उन्होंने राजस्थान कांग्रेस में धमाकेदार तरीके से अपनी एंट्री दर्ज करवाई संजना जाटव काफी व्यवहार कुशल और पार्टी की समर्पित और कर्मठ नेता मानी जाती हैं लगातार अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों से मिलती रहती हैं और उनकी समस्याओं का समाधान करती रहती हैं पब्लिक के बीच में रहने की वजह से उनकी पापुलैरिटी में लगातार इजाफा हो रहा है ।

## न्यायालय के आदेश के बावजूद राजीव गांधी सेवा केन्द्रों का नाम बदला जाना दुर्भाग्यपूर्णः जूली

### सरकार को न्यायालय की अवमानना का भी भय नहीं, कांग्रेस संघर्ष को तैयार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधान सभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने राज्य सरकार द्वारा राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेशों की अवमानना करते हुए भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्रों की नाम पट्टिका से राजीव गांधी जी का नाम हटाये जाने को लेकर सरकार की कड़े शब्दों में निन्दा की है और कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी की ओछी मानसिकता को प्रदर्शित करता है। प्रतिपक्ष के नेता जूली ने कहा कि लोकतंत्र में सरकारें आती-जाती रहीं हैं लेकिन राज्य सरकार का इस प्रकार का कृत्य घोर निन्दनीय और आपत्तिजनक है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा पहले सेवा केन्द्रों का नाम बदल कर अटल सेवा केन्द्र किये जाने के आदेश के खिलाफ पूर्व विधायक संयम लोढा द्वारा राजस्थान उच्च न्यायालय में याचिका दायर किये जाने और मा. उच्च न्यायालय द्वारा इस सम्बन्ध में आदेश जारी कर पूर्ववत् नाम रखे जाने के निर्णय उपरांत राज्य सरकार द्वारा सभी भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्रों का नाम यथावत् रखे जाने के आदेश जारी किये गये लेकिन यह भाजपा सरकार को हजम नहीं हुआ और षड़यंत्रपूर्वक विगत19 सितम्बर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा एक आदेश जारी किया गया जिसमें प्रदेश की समस्त ग्राम पंचायतों में स्थित भारत



निर्माण सेवा केन्द्रों की मरम्मत एवं रंग रोगन के कार्य करवाये जाने के निर्देश दिये गये लेकिन इस आदेश की आड़ में योजनाबद्ध तरीके से भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्रों की नाम पट्टिका से राजीव गांधी का नाम हटा दिया गया उच्च न्यायालय के आदेशों की अवमानना करते हुए राज्य सरकार द्वारा की गई इस कारगुजारी पर आपत्ति व्यक्त करते हुए प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने मुख्यमंत्री और शासन सचिव को पत्र लिखकर अविलम्ब इस सम्बन्ध में अपनी भूल को सुधार करते हुए प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में स्थापित सेवा केन्द्रों की नाम पट्टिका में पुनः राजीव गांधी का नाम जोडते हुए पूर्ववत् नाम पट्टिकाएं बनवाये जाने की मांग की है और कहा है कि कांग्रेस भाजपा सरकार की इस हठधर्मिता को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी और इसके लिये हर स्तर पर संघर्ष को तैयार रहेगी।

## एसीबी ने श्रीमाधोपुर में बिजली विभाग के कनिष्ठ अभियंता को रिश्वत लेते पकड़ा

### एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने सूरजपोल मंडी के दस्तावेज जप्त किया, मंडी का मौजूदा सचिव अमरचंद सैनी दो बार पूर्व में हो चुका है ट्रैप

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने बुधवार को प्रदेश के सीकर जिले में श्रीमाधोपुर में अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के कनिष्ठ अभियंता को 2500 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है गिरफ्तार अभियुक्त संदीप द्विवेदी है जिसने परिवादी से सोलर मीटर जारी के बदले रिश्वत की डिमांड की थी भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त संदीप द्विवेदी श्रीमाधोपुर में कनिष्ठ अभियंता पद पर तैनात है जिसने परिवादी से सोलर मीटर जारी करने के बदले रिश्वत की मांग की थी जिसकी शिकायत परिवादी ने एंटी करप्शन ब्यूरो कार्यालय में दर्ज करवाई ब्यूरो के अधिकारियों ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद ब्यूरो के अधिकारियों ने आरोपी कनिष्ठ अभियंता संदीप द्विवेदी को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक योजना बनाई इसी योजना के तहत बुधवार को परिवार देने जैसे ही संदीप द्विवेदी को रिश्वत के 2500 रुपए दिए वैसे ही वहां पहले से तैयार बैठे ब्यूरो के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ संदीप द्विवेदी को मौके पर ही पकड़ लिया । एसीबी की टीम अब संदीप द्विवेदी के दफ्तर से तमाम तरह के फाइल और दस्तावेजों की जांच कर रही है एसीबी के अधिकारियों का कहना है कि ऐसा दिखता है संदीप द्विवेदी बिना पैसे लिए कोई काम नहीं करता था इसलिए उसकी ओर से संपादित की गई तमाम फाइलों और दस्तावेजों की जांच की जाएगी और यह पता लगाया जाएगा कि क्या अब से पहले भी उसने पैसा लेकर लोगों के काम किए हैं इधर राजधानी जयपुर के सूरजपोल मंडी में मंगलवार को सहायक मंडी सचिव इंद्र मीणा को एसीबी ने 8000 रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था मंडी में मौजूद सचिव अमरचंद सैनी है जो पूर्व में दो बार ट्रैप हो चुके हैं लेकिन इसके बावजूद भी वर्तमान में उनके पास दो मंडी का चार्ज है अब जिस तरह से सहायक सचिव इंद्र मीणा को 8000 रुपए लेते पकड़ा गया है तो कहीं ना कहीं एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों को संदेह है कि इस रिश्वत की रकम में मंडी के अन्य अधिकारियों का हिस्सा भी हो सकता है इसलिए एसीबी की टीम ने बुधवार को मंडी के दफ्तर में मौजूद सभी पत्रावलियों और फाइलों को अपने कब्जे में ले लिया है और उनकी जांच पड़ताल की जा रही है ।

## मधुमक्खियां का हमलाः अंतिम संस्कार में मचा हड़कंप, 100 ज्यादा लोग घायल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के जोधपुर जिले के बोरुंदा क्षेत्र में उसे समय अपराध अपनी मच गई जब अंतिम संस्कार के दौरान मधुमक्खियां के झुंड ने अचानक वहां मौजूद लोगों पर हमला बोल दिया देखते ही देखते मधुमक्खियां के हमले से घायल लोगों में चीख पुकार मच गई इस हमले में 100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं जिनमें से तीन की हालत काफी गंभीर बताई जा रही है गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रेफर कर दिया गया कई घायलों को निजी वाहनों से अस्पताल पहुंचाया गया क्योंकि मौके पर हालात इतने बिगड़ गए थे कि लोग इधर-उधर जान बचाकर भाग रहे थे हमले के दौरान शमशान घाट पर मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई कुछ लोग पास की फैक्ट्री में छुप गए तो कई लोगों ने खेतों में और गलियों में छुपकर अपनी जान बचाई बताया जा रहा है की अंतिम संस्कार में शामिल सभी लोग माली समाज से संबंध रखते हैं जानकारी के अनुसार शमशान के पास ही एक पेड़ पर मधुमक्खियां का बड़ा छाता था जैसे ही किसी ने गलती से या तो वहां धुआं फैला दी या फिर किसी ने हलचल कर दी जिसकी वजह से झुंड बेकाबू होकर लोगों पर टूट पड़ा अस्पताल में घायलों की लंबी कटारे लगी रही कई लोगों को हाथ चेहरे और सर पर गंभीर चोटें आई है फिलहाल डॉक्टरों की टीम इलाज में जुटी है प्रशासन से जुड़े अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं अंतिम संस्कार में मौजूद लोगों का कहना था कि उन्होंने अपनी जिंदगी में इस तरह का मधुमक्खियां का हमला पहले कभी नहीं देखा जिसका और गुस्से में मधुमक्खियां ने वहां मौजूद लोगों को अपना निशाना बनाया लोगों को खुद को बचाने का समय ही नहीं मिला और हड़बड़ी में लोग इधर-उधर मधुमक्खियां से बचने के लिए भागने लगे लेकिन मधुमक्खियां दूर तक भागते लोगों का पीछा करती रही जिसकी वजह से कई लोग हड़बड़ाहट में गिर भी गए और उनके चोट भी आई तो कई लोग आसपास के इलाके में दूर तक भाग कर कोई फैक्ट्री में जाकर छुप गया तो कोई मकान में जाकर तो कोई खेत में जाकर लेट गया इस तरह से लोगों ने अपनी जान बचाई लेकिन इसके बावजूद भी इस हमले में 100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं ।

## जोबनेर के श्रवण बोदलिया हत्याकांड के दो अभियुक्तों को पकड़ा, दो की तलाश जारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पिछले दिनों जयपुर जिला ग्रामीण के जोबनेर थाना इलाके में रेस्टोरेंट में पार्किंग को लेकर आपस में हुए विवाद में एक युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने दो अभियुक्तों को पकड़ लिया है गिरफ्तार अभियुक्त महेंद्र सिंह और जितेंद्र सिंह हैं इन दोनों अभियुक्त होने मृतक श्रवण को अपनी गाड़ी से कुचलना के बाद पुलिस की पूछताछ में स्वीकार भी कर ली है इसके अलावा अभी दो और अन्य अभियुक्त हैं जिनकी तलाश जारी है पिछले दिनों जोबनेर में एक रेस्टोरेंट में पार्किंग को लेकर दो पक्षों के बीच आपस में विवाद हो गया था जिसमें नेवी मर्चेंट में काम करने वाले डीडवाना कुचामन निवासी श्रवण की हत्या कर दी गई थी गाड़ी में सवार अभियुक्त होने श्रवण के टक्कर मारी और फिर जमीन पर पटक कर उस पर अपनी गाड़ी चढ़ा दी जिसकी वजह से वह मौके पर ही गंभीर रूप से घायल हो गया था बाद में उसकी मौत हो गई थी पुलिस की पूछताछ में सामने आया था कि श्रवण और आरोपी लोगों के बीच पुरानी दुश्मनी थी की और घटना वाले दिन दोनों ही पक्ष के लोग रेस्टोरेंट में खाना खाने आए थे लेकिन पार्किंग स्थल पर दोनों पक्षों के बीच फिर से पार्किंग को लेकर कहा सुनी हो गई कहा सुनी के दौरान ही दोनों पक्षों के लोगों के बीच हिंसक झड़प हुई और फिर उसमें श्रवण की गाड़ी से कुचलकर हत्या कर दी गई इस हत्याकांड को अंजाम देने के बाद गाड़ी में सवार हमलावर मौके से फरार हो गए बाद में पुलिस ने मौके पर मौजूद सीसीटीवी कैमरे के आधार पर मामले की जांच शुरू की और मृतक के साथ के लोगों के भी बयान लिए इसलिए यह मामला पहले से ही ओपन था जो इस घटना में शामिल थे उनके बारे में भी पुलिस को मौके पर ही पता चल गया था इसके अलावा सीसीटीवी कैमरे में भी श्रवण को गाड़ी से कुचलना का दृश्य कैद हो गया था इसलिए पुलिस को सिर्फ इस मामले में फरार लोगों की तलाश करना बाकी था जिसमें पुलिस को सफलता भी मिल गई इस मामले में महेंद्र सिंह और जितेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है बाकी दो अभियुक्तों की तलाश की जा रही है फरार इन दोनों अभियुक्तों के बारे में भी पुलिस को संकेत मिले हैं इसलिए पुलिस का कहना है कि उनकी गिरफ्तारी भी बहुत जल्दी हो जाएगी ।

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों का बीएलओ द्वारा किए जा रहे मैपिंग कार्य का किया निरीक्षण

### विधानसभा धौलपुर एवं राजाखेड़ा के बीएलओ को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**धौलपुर(निसं.)।** मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी ने जिले में गहन पुनरीक्षण कार्यो के गतिविधियों का विधानसभा धौलपुर एवं राजाखेड़ा में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर किए जा रहे परिगणना प्रपत्र एवं मैपिंग कार्यो का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों को पूर्ण गंभीरता से कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि कम प्रगति वाले बीएलओ अतिरिक्त गंभीरता से कार्य करें। बीएलओ द्वारा की जा रही मैपिंग की जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं का इंपिक नंबर नहीं है, उनके पुराने निवास स्थान की जानकारी लेकर वर्ष 2002 की मतदाता सूची से नाम ढूंढा जाए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों की मैपिंग नहीं हो पाई है, उनसे उनके या उनके माता-पिता के वर्ष 2002 में निवास स्थान की जानकारी लेकर मैपिंग सुनिश्चित की जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के समस्त



ईआरओ को निर्देशित किया कि बीएलओ ऐप पर शत-प्रतिशत मैपिंग का कार्य पूरा किया जाए। उन्होंने मैपिंग कार्य में गति लाने, परिगणना प्रपत्र वितरण कार्य में गति लाने और आम मतदाताओं में एसआईआर के प्रति जागरूकता पैदा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुपरवाइजर्स नियमित रूप से फील्ड में रहें तथा उनके अधीन बीएलओ के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन विभाग ने पुराने एसआईआर की मतदाता सूची से वर्तमान मतदाताओं का वंशावली की मैपिंग किया गई है। यदि किसी मतदाता का नाम वर्तमान सूची में नहीं है, लेकिन उनके माता-पिता या दादा-दादी का नाम पिछले एस आई आर में शामिल है, तो पारिवारिक संबंध के आधार पर नाम जोड़ा जाएगा। इस दौरान बीएलओ घर-घर जाकर आंशिक रूप से भरे गणना प्रपत्र की दो प्रतियां देनी होंगी, साथ ही गणना प्रपत्र भरने में मतदाताओं की मदद करनी होगी और भरे हुए प्रपत्रों को ईआईसीनेट ऐप पर अपलोड करना होगा। मतदाताओं से यह अपेक्षा की गई है कि वे आवश्यक जानकारी सही-सही भरें, एक प्रति बीएलओ को दें और दूसरी रसीद अपने पास रखें।

## कांग्रेस का तथाकथित वोट चोरी अभियान वास्तव में है भ्रम फैलाओ अभियानः मदन राठौड़

### कांग्रेस को जनता के जनादेश पर भरोसा नहीं इसलिए वह सड़कों पर भ्रम फैलाने की कर रही है कोशिश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कांस.)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने गोविंद सिंह डोटासरा के वोट चोर जैसे अमर्यादित और झूठे नारों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि कांग्रेस जनता को गुमराह कर रही है। जनता ने लोकतांत्रिक तरीके से भाजपा को भारी बहुमत से सत्ता सौंपी है लेकिन देश के विभिन्न प्रदेशों में लगातार चुनावी हार से बौखलाई कांग्रेस अब लोकतंत्र लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं और संवैधानिक संस्थाओं पर ही प्रश्नचिन्ह लगाने में जुटी है। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस का यह तथाकथित वोट चोरी अभियान दरअसल अपनी राजनीतिक जमीन खिसकने के डर से चलाया जा रहा एक झूठ और भ्रम फैलाओं अभियान है। जनता ने कांग्रेस के कुशासन भ्रष्टाचार और वंशवादी राजनीति को नकार दिया है। अब कांग्रेस को जनता के जनादेश पर भरोसा नहीं इसलिए वह सड़कों पर भ्रम फैलाने की कोशिश कर रही है। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस युवाओं में भ्रम फैलाकर देश में अराजकता की स्थिति पैदा करना चाहती है ताकि अपनी राजनीतिक विफलताओं को छिपाया जा सके, लेकिन देश का जागरूक युवा अब कांग्रेस के बहकावे में आने वाला नहीं है। राठौड़ ने कहा कि देश और प्रदेश की जनता पूरी तरह से भाजपा के साथ खड़ी है और डोटासरा जैसे नेताओं




के झूठे आरोपों से जनता का विश्वास डिगने वाला नहीं है। कांग्रेस नेताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपनी पराजय का आत्ममंथन करें न कि देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं पर उंगली उठाकर जनादेश का अपमान करें। राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश और देश विकास सुशासन और पारदर्शिता के मार्ग पर अग्रसर हैं। कांग्रेस चाहे जितने भी भ्रम फैलाए सच्चाई यही है कि जनता ने ईमानदारी और विकास की राजनीति को चुना है न कि भ्रष्टाचार और परिवारवाद को। हाल ही में एक सर्वे रिपोर्ट में भी प्रदेश की जनता ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 2 साल के कार्यकाल में पानी बिजली रोजगार उद्योग निवेश और कृषि जैसे प्रमुख क्षेत्रों में किए गए कार्यों की सराहना की है। यह जनता का भाजपा के प्रति अटूट विश्वास को दर्शाता है।

# अभी खत्म नहीं हुआ आतंक के खिलाफ युद्ध




दिल्ली में लाल किले के पास हुए शक्तिशाली विस्फोट ने फिर याद दिला दिया कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की जंग अभी खत्म नहीं हुई है। आपरेशन सिंदूर के कुछ ही महीने बाद यह आतंकी घटना इसकी पुष्टि करती है कि लड़ाई बस एक नए चरण में प्रवेश कर गई है। दुश्मन हालांकि कमजोर हो गया है, फिर भी वार करने में सक्षम है। चिंताजनक बात यह है कि लाल किले की आतंकी घटना की साजिश बहुत सावधानी से रची गई। विस्फोट से कुछ घंटे पहले जम्मू-कश्मीर पुलिस ने हरियाणा पुलिस के साथ मिलकर फरीदाबाद की दो रिहायशी इमारतों में लगभग 3,000 किलोग्राम विस्फोटक बरामद किया। इनमें 350 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट भी था। यह एक ऐसा उर्वरक होता है, जिसे आसानी से एक घातक बम में बदला जा सकता है। इस बरामदगी ने संभवतः एक और भी बड़ी त्रासदी को टाल दिया। आतंकवाद के इस कृत्य में डाक्टरों की संलिप्तता यह बताती है कि कट्टरपंथ अब विश्वविद्यालयों, अस्पतालों जैसी उन जगहों में भी घुस रहा है, जिन्हें कभी सुरक्षित माना जाता था। लाल किला विस्फोट कांड की शुरुआत बीते 27 अक्टूबर को हुई, जब श्रीनगर में जैश-ए-मोहम्मद के पोस्टर दिखाई दिए। सीसीटीवी फुटेज से पुलिस को डा. आदिल की पहचान करने में मदद मिली, जिसे बाद में उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से गिरफ्तार किया गया। जब जांचकर्ताओं ने अनंतनाग के सरकारी मेडिकल कालेज में उसके लाकर की तलाशी ली तो उन्हें वहां से एक असाल्ट राइफल मिली। उससे पूछताछ के दौरान पुलिस को फरीदाबाद में छिपे विस्फोटकों का एक जखीरा मिला, जिससे यह उजागर हुआ कि यह नेटवर्क कश्मीर से लेकर दिल्ली-एनसीआर तक व्यापक रूप से फैला हुआ है। इस नेटवर्क के तार भारत की सीमाओं से परे भी जुड़े रहे हैं। आतंकियों के हैंडलर पाकिस्तान में सक्रिय थे। इस मामले में एक अन्य आतंकी अल फलाह विश्वविद्यालय के डा. मुजम्मिल शकील को भी गिरफ्तार किया गया। विस्फोटकों से लदी कार भी एक डाक्टर उमर मोहम्मद चला रहा था। अधिकारियों के अनुसार संदिग्ध आत्मघाती हमलावर दिल्ली में घुस आया था और उसने गाड़ी एक मस्जिद के पास खड़ी कर दी थी। सीसीटीवी फुटेज से पता चलता है कि जब कार खड़ी थी, तब वह एक बार भी उससे बाहर नहीं निकला। ऐसा लग रहा था कि वह या तो निर्देशों का इंतजार कर रहा था या अपने लक्षित लक्ष्य का। जांचकर्ताओं का मानना है कि फरीदाबाद में हुई गिरफ्तारियों से समूह में दहशत फैल गई होगी। फंसने का अहसास होने पर उमर मोहम्मद ने हताशा या घबराहट में बम विस्फोट कर दिया होगा। हो सकता है कि उसके संचालक ने उसे जिंदा पकड़े जाने के बजाय आत्मघाती हमला करने के लिए राजी किया हो। जो भी हो, यह किसी से छिपा नहीं कि चरमपंथी समूह युवा शिक्षित दिमागों को यह विश्वास दिलाकर प्रभावित करते हैं कि शहादत एक महान कार्य है। एक बार फिर सुराग पाकिस्तान की ओर इशारा कर रहे हैं। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ लश्कर-ए-तैयबा और इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रोविंस जैसे आतंकी समूहों को एक साथ लाने के लिए काम कर रही है। इसका उद्देश्य भारत में आतंकी गतिविधियों को पुनर्जीवित करना और जम्मू-कश्मीर से परे भी अशांति फैलाना है। दिल्ली में विस्फोट के समय से पता चलता है कि यह आपरेशन सिंदूर का बदला लेने के लिए था, जो भारत का सफल आतंकवाद-रोधी अभियान था।झ्र पाकिस्तान की नई आक्रामकता वैश्विक राजनीति से भी जुड़ी हुई प्रतीत होती है। हाल में उसने मध्य एशिया में अपनी स्थिति का रणनीतिक लाभ उठाकर अमेरिका के साथ रिश्ते फिर से बनाने में कामयाबी हासिल की है। जब भी पाकिस्तान को वैश्विक समर्थन मिलता है, वह उसका इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों के जरिए भारत को उकसाने के लिए करता है। हालांकि आज भारत पहले जैसा नहीं रहा। आतंकवाद के प्रति उसकी प्रतिक्रिया अब धीमी या रक्षात्मक नहीं रही। आपरेशन सिंदूर इसका प्रमाण था कि भारत आत्मविश्वास और सटीकता के साथ कार्रवाई करने के लिए तैयार है, फिर भी लाल किला विस्फोट दर्शाता है कि आतंकियों ने भी अपने तरीके बदल लिए हैं। अब वे छोटे, छिपे हुए ठिकानों में काम करते हैं और आम जिंदगी में घुल-मिल जाते हैं, जिससे पुलिस के लिए समय रहते उनका पता लगाना मुश्किल हो जाता है। भविष्य में ऐसे हमलों को रोकने के लिए कड़ी सतर्कता की आवश्यकता है। सुरक्षा, सतर्कता केवल जम्मू-कश्मीर या दिल्ली जैसे बड़े शहरों तक ही सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि पूरे देश में होनी चाहिए। आतंकियों के पास से बरामद विस्फोटकों की विशाल मात्रा विनाश के संभावित पैमाने को उजागर करती है। इससे इस आशंका को बल मिलता है कि कई समन्वित विस्फोटों की योजना बनाई गई हो सकती है।

*उससे पूछताछ के दौरान पुलिस को फरीदाबाद में छिपे विस्फोटकों का एक जखीरा मिला, जिससे यह उजागर हुआ कि यह नेटवर्क कश्मीर से लेकर दिल्ली-एनसीआर तक व्यापक रूप से फैला हुआ है। इस नेटवर्क के तार भारत की सीमाओं से परे भी जुड़े रहे हैं। आतंकियों के हैंडलर पाकिस्तान में सक्रिय थे। इस मामले में एक अन्य आतंकी अल फलाह विश्वविद्यालय के डा. मुजम्मिल शकील को भी गिरफ्तार किया गया। विस्फोटकों से लदी कार भी एक डाक्टर उमर मोहम्मद चला रहा था। अधिकारियों के अनुसार संदिग्ध आत्मघाती हमलावर दिल्ली में घुस आया था और उसने गाड़ी एक मस्जिद के पास खड़ी कर दी थी। सीसीटीवी फुटेज से पता चलता है कि जब कार खड़ी थी, तब वह एक बार भी उससे बाहर नहीं निकला। ऐसा लग रहा था कि वह या तो निर्देशों का इंतजार कर रहा था या अपने लक्षित लक्ष्य का। जांचकर्ताओं का मानना है कि फरीदाबाद में हुई गिरफ्तारियों से समूह में दहशत फैल गई होगी।*

## सम्पादकीय

# धमाके के दो दिन बाद भी सुलगता सवाल



राजधानी दिल्ली में लालकिला के पास एक कार में हुए धमाके की घटना ने एक बार फिर यहां की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंताजनक सवाल खड़ा किया है, वहीं इस बात को लेकर एक आशंका खड़ी हो रही है कि क्या आतंकवादी संगठनों ने दोबारा अपने पांव फैलाने शुरू कर दिए हैं। हालांकि कार में हुए धमाके को लेकर फिलहाल कोई अंतिम निष्कर्ष सामने नहीं आया है कि विस्फोट का कारण क्या था, इसलिए इसके पीछे की मंशा के बारे में तभी कुछ ठोस सामने आ सकेगा, जब सरकार की ओर से कराई जाने वाली जांच की आधिकारिक रपट कोई संकेत करेगी। मगर धमाके का स्वरूप और उससे होने वाले नुकसान का जो दायरा दिखा, वह बेहद चिंताजनक है। इसमें किसी व्यापक साजिश की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। गौरतलब है कि सोमवार की शाम एक कार में हुए विस्फोट के बाद आसपास खड़े कई अन्य वाहन उसकी जद में आ गए और कई लोगों की जान चली गई। घटना स्थल से जानमाल के नुकसान के जैसे ब्योरे सामने आए, वे किसी बड़े आतंकवादी हमले या बम विस्फोट की तस्वीर से ज्यादा अलग नहीं थे। जाहिर है, अब देश की जांच एजेंसियां इस धमाके के बारे में विस्तृत पड़ताल कर सच्चाई का पता लगाएंगी। फिलहाल जांच के बिंदु में सभी कोण शामिल होने चाहिए, क्योंकि देश की राजधानी में हुई यह घटना बेहद संवेदनशील है और कई तरह के खतरों का संकेत भी हो सकती है। यही वजह है कि इस मामले में यूएपीए, विस्फोटक अधिनियम और अन्य सख्त धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच का दायरा व्यापक रखा गया है। निश्चित रूप से इस धमाके की सभी कड़ियों की पड़ताल कर दोषियों को सजा के अंजाम तक पहुंचाने की जरूरत है, मगर सवाल यह भी उठता है कि राजधानी होने के नाते सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से सबसे चौकस और बेहतर मानी जाने वाली दिल्ली में इतनी बड़ी घटना हो गई और सुरक्षा एजंसियों को इसके बारे में कोई अंदाजा तक नहीं हुआ, तो यह किसकी नाकामी है! इस घटना के तार एक दिन पहले आतंकी तंत्र के एक हिस्से के खुलासे के तहत फरीदाबाद में गिरफ्तार किए गए लोगों के साथ जुड़े होने की आशंका भी जताई जा रही है। लेकिन कार में धमाके की वजह अगर कोई विस्फोटक था, तो उसे वाहन में लेकर कोई व्यक्ति बिना किसी रोकटोक के सड़क पर कैसे चलता रहा और क्या यह देश की खुफिया एजंसियों की कार्यशैली के चिंताजनक पहलू को नहीं दर्शाता है! सबसे अहम है दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था को चौतरफा चाकचौबंद बनाना, ताकि यहां के लोगों को अतीत की वैसी त्रासदी का सामना फिर से करने की नौबत कभी न आए, जब यहां सिलसिलेवार बम धमाके हुए थे और उसमें कई लोग मारे गए। आतंकी हमलों के वैसे दौर की वापसी न हो, इसके लिए सरकार को हर जरूरी कदम उठाने चाहिए। खासतौर पर किसी अंतरराष्ट्रीय साजिश के पहलू से इस घटना की गहन छानबीन होनी चाहिए। सिर्फ दावे करने भर से आतंकवाद का खात्मा होना मुमकिन नहीं है। जम्मू-कश्मीर में आज भी आतंकियों की घुसपैठ और हमले की कोशिशें बताती हैं कि देश में आतंकवाद आज भी एक ऐसी चुनौती है, जिसे लेकर थोड़ी भी लापरवाही की बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है। सरकार की सबसे जरूरी प्राथमिकता यहां के आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना होना चाहिए।

# बैंकों से बेहतर है सहकारी नेटवर्क



बढ़ई, कुम्हार, सुनार और दर्जी आदि 18 पारंपरिक पेशे से जुड़े लोगों के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एक नई उम्मीद लेकर आई थी। इसके तहत इन्हें कौशल प्रशिक्षण, आधुनिक औजार और बिना जमानत के छोटा ऋण देने का प्रविधान है, ताकि वे आज की तकनीकी दुनिया में फिर से खड़े हो सकें। सितंबर 2023 में 13,000 करोड़ रुपये के बजट के साथ शुरू हुई इस योजना का लक्ष्य देश के ग्रामीण जीवन से संबंधित पारंपरिक पेशे थे। दो साल बाद कागज पर तो आंकड़े उत्साहजनक दिखते हैं, क्योंकि इस योजना के तहत तीन करोड़ से ज्यादा पंजीकरण हुए हैं, पर सच्चाई कुछ और है। अब तक सिर्फ 4.65 लाख कारीगरों को 4,000 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत हुए हैं, जिनमें 2,200 करोड़ रुपये ही वास्तव में वितरित हुए और मात्र 224 करोड़ रुपये की वापसी हुई है। पंजीकरण और वास्तविक कर्ज वितरण के बीच यह फासला सिर्फ प्रशासनिक नहीं, बल्कि संरचनात्मक कमी दर्शाता है। यह बताता है कि भारत में आर्थिक कल्याणकारी योजनाओं का सबसे बड़ा रोड़ा बैंकिंग व्यवस्था ही है। निजी बैंक सरकार का विरोध नहीं कर रहे, बस नियमों का चतुराई से पालन कर रहे हैं। आरबीआइ ने सभी बैंकों को आदेश दिया है कि वे अपनी कुल ऋण पुस्तिका का 40 प्रतिशत कृषि, लघु उद्योग क्षेत्र के साथ कमजोर वर्गों को दें। निजी बैंक प्राथमिकता क्षेत्र के लिए निर्धारित ऋण लक्ष्य को पूरा करने के बजाय प्राथमिकता क्षेत्र ऋण प्रमाणपत्र खरीद लेते हैं। ये प्रमाणपत्र वे उन सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से खरीद सकते हैं, जिन्होंने अपने लक्ष्य से अधिक ऋण वितरित किया हो। कुछ बैंक अपने दायित्व को गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों या माइक्रोफाइनेंस संस्थानों के माध्यम से पूरा करने का दावा करते हैं। कागज पर वे नियम पूरा करते हैं, लेकिन हकीकत में विश्वकर्मा ऋण देने के मामले में निजी बैंकों का रिकार्ड निराशाजनक है। पीएम जन धन योजना में भी निजी बैंकों की हिस्सेदारी मुश्किल से तीन प्रतिशत है। निजी बैंकों का तर्क है कि दो लाख रुपये का एक छोटे कारीगर को दिया गया ऋण उतने ही कागजी काम और लागत मांगता है, जितना 20 लाख का कार लोन, पर मुनाफा बहुत कम। कारीगरों के पास न जमानत होती है, न डिजिटल ऋण इतिहास, जिससे जोखिम बढ़ जाता है। सरकारी गारंटी भी केवल आंशिक नुकसान कवर करती है। ऐसे में शेयरधारकों से संचालित संस्थानों के लिए यह काम आकर्षक नहीं है। इसके उलट सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक लगभग पूरा बोझ उठाते हैं-चाहे जन धन, मुद्रा या विश्वकर्मा जैसी योजनाएं हों, लेकिन सीमित स्टाफ और सख्त नियामक बोझ के कारण उनकी क्षमता सीमित है। जब कर्ज अटकता है तो जनता के सामने दोष बैंक या सरकार, दोनों को झेलना पड़ता है। जब निजी बैंक पीछे हट रहे हों और सार्वजनिक बैंक थक चुके हों, तो समाधान सहकारिता ढांचे में है। यह भारत की सबसे पुरानी और भरोसेमंद वित्तीय व्यवस्था है। सहकारी ऋण समितियां और जिला सहकारी बैंक 'सामाजिक गारंटी' पर काम करते हैं, जहां हर सदस्य की गारंटी दूसरा सदस्य देता है। यह सामुदायिक भरोसा उन कारीगरों के लिए अधिक उपयोगी है, जिनके पास औपचारिक रिकार्ड नहीं है। इन संस्थाओं में डिफाल्ट दर औसतन दो प्रतिशत के आसपास रहती है, जो अधिकांश सूक्ष्म ऋणों से बेहतर है। कई राज्यों में सहकारी संस्थाएं डेरी, हैंडलूम और ग्रामीण उद्यमों में गहराई से जुड़ी हैं। उन्हें स्थानीय व्यापार और मौसमी आय का अनुभव है। एक कुम्हार या बढ़ई भले फिनटेक न समझे, सहकारी संस्था को समझता है। यदि विश्वकर्मा योजना को इन सहकारी नेटवर्क से जोड़ा जाए तो यह योजना वास्तव में जन-संचालित बन सकती है, जैसे उत्तर प्रदेश के बुनकर समाज या गुजरात की डेरी सहकारिताओं में हुआ है। सरकार को चाहिए कि सहकारी और जिला केंद्रीय बैंकों को निर्धारित बैंकों की तुलना में बेहतर ऋण गारंटी दे, क्योंकि इनका सामाजिक आधार अधिक गहरा है। नाबार्ड या सिडबी के माध्यम से कारीगर ऋणों के लिए पुनर्वित्त सुविधा खोली जा सकती है। प्राथमिक कृषि ऋण समितियों का डिजिटलीकरण 80 प्रतिशत पूरा हो चुका है। इन्हें भी सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाए।

# चुनावी किस्सा

आजाद इस बात से भी खुश थे कि 1980 के संसदीय चुनाव में युवक कांग्रेस के 30-40 नेता लोकसभा पहुंचे थे। आजाद बताते हैं कि उस साल संसद का सत्र फरवरी के आखिरी दिनों में बुलाया गया था। यह सत्र राष्ट्रपति के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ था और इसके बाद धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस होनी था जिसमें सत्ता व विपक्ष के सदस्य अपनी बात रख सकते थे।आजाद अपनी ऑटोबायोग्राफी में लिखते हैं कि युवक कांग्रेस के जितने भी नेता सांसद बने थे उन्हें लोकसभा हॉल के बीच वाली सीटें आवंटित की गई थी



साल 1980 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस के लिए नई खुशियां लेकर आया था। क्योंकि पार्टी इस साल हुए संसदीय चुनाव में सत्ता में लौटी थी। इससे पहले 1977 के लोकसभा चुनाव में उसे शिकस्त का सामना करना पड़ा था और जनता पार्टी ने केंद्र में सरकार बनाई थी। साल 1975 में लगे आपातकाल की वजह से भी कांग्रेस आलोचनाओं से जूझ रही थी और राजनीतिक रूप से माहौल उसके लिए बहुत अच्छा नहीं था। लेकिन बावजूद इसके साल 1980 के चुनाव में सत्ता में वापसी करने से उसके कार्यकर्ताओं का मनोबल ऊंचा हुआ था और इंदिरा गांधी एक बार फिर देश की प्रधानमंत्री बनी थीं। 1980 में 3 व 6 जनवरी को लोकसभा के चुनाव हुए थे। आजाद लिखते हैं कि उन्हें इस बात की ज्यादा खुशी थी कि लोगों ने इंदिरा गांधी और संजय गांधी पर थोपी गई उनकी नकारात्मक छवि को नकार दिया था और दोनों नेता क्रमशः रायबरेली और अमेठी संसदीय सीट से चुनाव जीतने में कामयाब रहे थे। आजाद इस बात से भी खुश थे कि 1980 के संसदीय चुनाव में युवक कांग्रेस के 30-40 नेता लोकसभा पहुंचे थे। आजाद बताते हैं कि उस साल संसद का सत्र फरवरी के आखिरी दिनों में बुलाया गया था। यह सत्र राष्ट्रपति के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ था और इसके बाद धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस होनी था जिसमें सत्ता व विपक्ष के सदस्य अपनी बात रख सकते थे।आजाद अपनी ऑटोबायोग्राफी में लिखते हैं कि युवक कांग्रेस के जितने भी नेता सांसद बने थे उन्हें लोकसभा हॉल के बीच वाली सीटें आवंटित की गई थी जबकि स्पीकर के दाईं ओर प्रधानमंत्री, मंत्री और सत्ता पक्ष के सांसद थे और बाईं ओर विपक्ष के सदस्य थे। इनमें जनता पार्टी की सरकार में मंत्री रहे अटल बिहारी वाजपेयी भी शामिल थे। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्र सरकार में मंत्री रह चुके आजाद लिखते हैं, कांग्रेस पार्टी की बैठक में यह फैसला किया गया था कि संजय गांधी अटल बिहारी वाजपेयी से पहले सदन में अपनी बात रखेंगे क्योंकि इससे संजय के भाषण को मीडिया में ज्यादा प्रचार और हाउस के अंदर भी ज्यादा अटेंशन मिल सकता था। इंदिरा और राजीव गांधी के साथ भी काम कर चुके आजाद बताते हैं कि संजय गांधी कम बोलते थे। अपनी चुनावी रैलियों में भी वह 5 से 10 मिनट ही बोलते थे हालांकि इसमें ही वह अपनी सारी जरूरी बातों को जनता के सामने रख देते थे। देखेंगे और सोचेंगे जैसे शब्द संजय गांधी के लिए नहीं बने थे। संजय गांधी ने विपक्ष पर तीखे हमले के साथ अपना संबोधन शुरू किया और इसके बाद वह सीधे वाजपेयी पर आ गए। संजय गांधी उस दिन 5 या 10 मिनट नहीं बोले बल्कि वह बोलते चले गए। उन?होंने अटल बि?हारी वाजपेयी पर ताबड़तोड़ हमले कि?ए। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के सदस्यों ने उन्हें बहुत ध्यान से सुना। संजय ने अपने भाषण में बीजेपी और उसके नेताओं के द्वारा कांग्रेस पार्टी और इंदिरा की आलोचना के मुद्दे को उठाया। आजाद लिखते हैं कि उन्होंने संजय गांधी के कुर्ते को खींच कर उन्हें अपना संबोधन समाप्त करने का संकेत भी दि?या। लेकिन संजय गांधी नहीं रुके और उस दिन वह 15 मिनट से ज्यादा बोले।

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर गुरूवार
13 नवम्बर, 2025


## एमटी प्रशिक्षण का हुआ उद्घाटनः एसएमसी/एसडीएमसी के दायित्वों पर चर्चा



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)।** सेठ नागरमल बाजोरिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रतनगढ़ में बुधवार को एसएमसी ,एसडीएमसी एमटी (मास्टर ट्रेनर) एवं पीईईओ/यूसीईईओ के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (सीबीईओ) संदीप व्यास ने मुख्य अतिथि के रूप में किया।सीबीईओ व्यास ने प्रशिक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह मास्टर ट्रेनर (एमटी) पीईईओ यूसीईईओ स्तर पर एसएमसी एसडीएमसी सदस्यों के प्रशिक्षण को आयोजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। रूपरेखा और दायित्वों की जानकारी शिविर में दक्ष प्रशिक्षक और राउमावि जीवणदेसर के प्रधानाचार्य सन्दीप शर्मा ने एसएमसी/एसडीएमसी की विस्तृत रूपरेखा, उनके दायित्वों और अधिकारों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।कार्यक्रम में एसीबीईओ उमेश कुमार जाखड़ ने विद्यालयों की गतिविधियों में एसएमसी/एसडीएमसी के सहयोग की आवश्यकता और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर जानकारी दी। इस अवसर पर, सेठ नागरमल बाजोरिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रतनगढ़ के प्रधानाचार्य कन्हैयालाल शर्मा ने सभी प्रतिभागियों का शाब्दिक अभिनंदन किया।उपस्थिति शिविर में सुरेश कुमार, शुभकरण शर्मा, निलेश कुमार, महावीर प्रसाद, भोलेश शर्मा, धर्मेन्द्र शर्मा, प्रेम कुमार आदि उपस्थित रहे।

## आशा देवी शिक्षण संस्थान पाटन में ब्लड डोनेशन कैंप का सफल आयोजन




जयपुर टाइम्स

**पाटन(निंस.)।** आशा देवी शिक्षण संस्थान पाटन के तत्वावधान में बुधवार को एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 205 यूनिट रक्त का संग्रहण धन्वंतरि ब्लड बैंक, जयपुर की टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. धर्मेन्द्र यादव एवं उनकी टीम का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में संस्थान के डायरेक्टर सुरेश यादव, निश्चल यादव, प्रधान सुवालाल सैनी, सरपंच मनोज चौधरी, महिपाल यादव, पत्रकार के.के. सैनी, प्रवीण कुमार योगी एवं सुशील यादव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। संस्थान के निदेशक सुरेश यादव ने बताया कि रक्तदान महादान है, और इस तरह के शिविर समाज में मानवता व सेवा भाव को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों को निरंतर जारी रखने की बात कही।

## वेंकटेश्वर मन्दिर में ब्रह्मोत्सव का हुआ समापन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय वेंकटेश्वर मंदिर में चल रहा 29वां ब्रह्मोत्सव विधि विधानपूर्वक संपन्न हो गया है। वेंकटेश्वर फाउंडेशन की मुख्य ट्रस्टी मंजू देवी जाजोदिया ने बताया कि कार्यक्रम के आखिरी दिन भगवान वेंकटेश्वर ने गरुड़ वाहन पर विराजित होकर दर्शन दिए। ध्वजारोहण व गोष्ठी के साथ ब्रह्ममोत्सव संपन्न हुआ। अन्तिम दिन शहर से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर कार्यक्रम में भाग लिया। एक हफ्ते तक चले कार्यक्रम में दक्षिण भारत के जाने माने पंडित कृष्ण कुमार भट्टर ने अपने दक्षिण भारतीय पंडितों और स्थानीय पंडितों के साथ पूजा अर्चना करवाई। मन्दिर प्रबंधक मोहन सिंह राठौड़ ने बताया कि भट्टर पिछले 24 सालों से लगातार साल में दो बार मन्दिर में होने वाले कार्यक्रम करवाते आ रहे हैं। ब्रह्मोत्सव के समापन पर ट्रस्टी अविनाश जाजोदिया, अनिरुद्ध जाजोदिया, आस्था जाजोदिया, रोमिला मल्होत्रा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे, जिन्होंने श्रद्धालुओं और सहयोगियों का आभार जताया। वहीं पवित्र उत्सव और उसके बाद ब्रह्मोत्सव के आयोजन से शहर में लगातार आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। वहीं आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं ने नाचते गाते भक्ति रस का आनंद लिया।

## प्रशासक सविता राठी लेंगी टी बी मुक्त भारत वर्कशॉप में भाग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत गोपालपुरा की प्रशासक सविता राठी का केंद्रीय सरकार द्वारा आयोजित टी बी मुक्त पंचायत एवं टी बी मुक्त भारत अभियान के तहत भोपाल मध्यप्रदेश में होने वाली पश्चिम डिविजन की वर्कशॉप में भाग लेने के लिए राजस्थान सरकार द्वारा चयन किया गया है। दो दिवसीय वर्कशॉप में राजस्थान से मात्र दो प्रशासक भाग लेंगे, जिसमें गोपालपुरा की प्रशासक सविता राठी, पीपलूंद ग्राम पंचायत के प्रशासक वेदप्रकाश खटीक के नाम शामिल हैं। राठी ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा आयोजित की जा रही वर्कशॉप में राजस्थान सरकार द्वारा मनोनयन होना गौरव की बात है और सरकार की आकांक्षाओं पर खरा उतरने की कोशिश रहेगी। वैसे भी खनन क्षेत्र में गहन वृक्षारोपण से पर्यावरण संरक्षण का कार्य लगातार किया जा रहा है।



# हम संत को तो मानते है ,पर उनकी अच्छी बात नहीं मानते(भगवान राम की लीलाओं को सुनने से सद विचारों का उदय होता है : संत प्रहलाद महाराज

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)** हम साधु संतों को मानते तो है,पर उनकी अच्छी बाते नहीं मानते। बात मानने पर महापुरुष खुश होते है। संत तो एक माध्यम है,उनके पास ऊर्जा तो भगवान की हैं।महापुरुष अपने छुपाकर रखते है। कहते है कि महापुरुष किसी जलती हुई चिता में मुर्दे का धुआं भी देख लेते हैं, तो उसे जीव का कल्याण हो जाता है । संत के दर्शन मात्र से संसार के दु:ख मिटते हैं। मन भगवान के भजन में लगता है भगवान के प्रति अपने जीवन में सकारात्मक लाए। भजन में मन लगाए,संसार की योजनाओं में नहीं। हमारा मन भक्ति करने का तो होता है पर हम ध्यान नहीं देते। भगवान सर्व समर्थक शक्तिमान है ,जो मांगोगे वहीं मिलेगा । जैसी हमारी दृष्टि होगी ,वैसी ही हमारी सृष्टि होगी । संत प्रवचन सुनने से जीवन में बहम मिटते हैं । बहम मिटने से दु:ख खत्म होता है और मुक्ति का मार्ग खुलता है। बहम मिटते ही संसार से दूरी कम होगी, तो भगवान नजर आएंगे। उक्त





धर्म प्रवचन संत प्रहलाद जी महाराज ने शिवाजी सेवा संस्थान में हो रही श्रीराम कथा के दौरान प्रात: प्रवचन पंडाल में दिया। उन्होंने कहा कि भगवान के भजन में जो आत्मशांति व आनंद मिलता है, वह असीम है तथा वही साथ रहता है । अंतकरण में तभी शांति मिल सकती है । जब हम भगवान राम के चरित्र के अनुरूप अपने को ढालने का सदप्रयत्न करेंगे। राम की लीला सुनने से सद विचारों का उदय होता है । आत्म कल्याण के लिए सत्संग अवश्य है। पूर्व जन्म के पुण्य कर्मो से हमें यह मानव शरीर मिला है वह भी एक निश्चित अवधि के लिए क्षण भर में इसका नाश हो जाना है भगवत प्राप्ति का साधन मानव योनि में ही सुलभ है। महाराज ने आज भगवान श्री राम की बाल लीलाओं ,जनकपुरी,भगवान राम के द्वारा धनुष भग, पुष्प वाटिका,सीता स्वयंबर,राम विवाह प्रसंग के प्रसंगों को मर्म से समझाया। कथा शुरू होने से पूर्व मुख्य यजमान गोविंदप्रसाद मिटावा दंपती व जयदेव प्रसाद मिटावा परिवार ने व्यासपीठ की पूजा अर्चना की। भागवत कथा में गोविंदप्रसाद सिंगोदिया,लक्ष्मी नारायण मिटावा, हिमांशु मिटावा ,भंवरलाल मिटावा ,ओमप्रकाश मिटावा ,भागीरथ मिटावा, हरिप्रसाद, रामनिवास, भगवतीप्रसाद मिटावा, हेमंत मिटावा,मुन्नालाल मिटावा, विकाश रिणवा,पूर्व पार्षद सुशील गौड़,चेतन मिटावा ,सत्यनारायण सेवदा,वेदप्रकाश मिटावा, कुलदीप व्यास, वासुदेव सांगानेरिया, गणेश सोनी, ध्रुव सरावगी,कार्तिक सोनी, राजकुमार मुरारका, सत्यनारायण पुरोहित, गोविन्द सोनी,श्यामसुंदर खेमका,रामावतार नोहाल,मुरलीधर बबेरवाल बनवारीलाल स्वामी सहित नगर के सैकड़ो श्रद्धालुओं ने धर्म प्रवचन का आध्यात्मिक लाभ उठाया।

## अपना घर आश्रम में निवासरत प्रभुजनों की सेवा में धन और मन के साथ तन भी लगाएं - संत प्रहलाद जी महाराज

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निसं.)** जिनको संभालने वाला अपना कोई नहीं उनका आश्रयस्थल है अपना घर आश्रम। ये विचार संत प्रहलाद जी महाराज ने मंगलवार शाम रतनगढ़ में संचालित अपना घर आश्रम में उपस्थित नगरवासियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। भरतपुर में 25 वर्ष पूर्व स्थापित अपना घर आश्रम के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि मानवता को समर्पित यह आश्रम किसी असहाय व्यक्ति की अत्यन्त कष्टपूर्ण स्थिति से करुणित हृदय द्वारा प्रारंभ हुआ पावन प्रकल्प है । यहां निवासरत प्रभुजनों की सेवा में धन और मन के साथ तन भी लगाएं । इन असहाय , पीड़ित, विमंदित , बीमारजनों की सेवा का जो सुअवसर प्राप्त हुआ है, इसे ईश्वर की बहुत बड़ी कृपा मानते हुए अपने जीवन को सार्थक बनाएं । ब्रह्मचर्याश्रम , गृहस्थाश्रम , वानप्रस्थ आश्रम ,संन्यासाश्रम को समझाते हुए उन्होंने कहा कि ये सब व्यवस्थाएं मनुष्य जीवन के परम लक्ष्य को प्राप्त करने के मार्ग हैं , परंतु यह लक्ष्य किसी भी समय प्राप्त हो सकता है , आवश्यकता है पूर्ण समर्पण भाव से जुट जाने की । अपना घर आश्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ विजय प्रकाश गोयल, उपाध्यक्ष भंवरलाल मुंदलिया, कोषाध्यक्ष नरेंद्र झंवर, डॉ गोपालदत्त शर्मा , प्रताप बोथरा , महावीर रामगढ़िया आदि ने संत श्री को आश्रम का अवलोकन करवाते हुए व्यवस्था संबंधी जानकारी दी । ट्रस्ट सचिव कुलदीप व्यास ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान लॉयन्स क्लब रतनगढ़ प्रेरणा के अध्यक्ष संदीप कंदोई व क्लब कार्यकारिणी तथा समाजसेवी भवानीशंकर सोनी और स्व गौरीशंकर अजितसरिया परिवार के अनिल अजितसरिया का विशिष्ट सहयोगी भामाशाह के रूप में अभिनंदन किया गया । इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष कुमार इंदौरिया , संरक्षक ट्रस्टी देवेंद्र यादव व पवन सेवदा के साथ देवकिशन स्मृति सेवा समिति के अध्यक्ष विश्वनाथ सोनी , सांवरमल माटोलिया वीरेंद्र बुनकर , रामावतार ठठेरा,रितेश लुंडिया , ओमप्रकाश चौहान ,हिमांशु सराफ , गौतम महर्षि, नरेंद्र चौधरी , रवि सरावगी , भंवरलाल शर्मा , कमल गोयनका , साबिर अली नजमी , सुधीर शर्मा , सुरेन्द्र हुड्डा, डॉ हीरालाल सोनी, अनूप जोशी , एडवोकेट महावीर सिहाग , रामरतन प्रजापत सहित नगर के गणमान्य जन उपस्थित थे।

## जलभराव से ग्रामीणजन एवं राहगीर परेशान, 181 पर शिकायत बावजूद भी नही हुई कार्रवाई

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** लक्ष्मणगढ़ उपखंड क्षेत्र के सीगोदड़ी गांव से ढोलास की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित प्रमुख चौराहा इन दिनों जलभराव की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। यह चौराहा चार गांवों को जोड़ने वाला मुख्य संपर्क मार्ग है, लेकिन पिछले कई दिनों से यहां टूटी हुई नहरी पाइपलाइन के कारण लगातार पानी बहने से सड़क पर गहरा जलभराव हो गया है।पानी के रिसाव के चलते सड़क पर कीचड़ और फिसलन बढ़ गई है, जिससे वाहनों और पैदल राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र मरम्मत कार्य नहीं कराया गया, तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय निवासी शिवपाल, गंगाराम, राहुल, मामराज, प्रकाश, परसाराम, बाबूलाल, राजू मलोवा, सुरेन्द्र, सुरेश, राजेन्द्र, बिजेन्द्र, पंकज, जगदीश प्रसाद, सुखदेव राम, पप्पू लाल, श्याम सुंदर, बुलेश, मोहित और दीपक सहित अन्य ग्रामीणों ने उक्त समस्या के जल्द समाधान की मांग की है।जानकारी के अनुसार उक्त जल भराव की समस्या को लेकर उन्होंने 181 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करवाई थी, लेकिन कई दिन बीत जाने के



बावजूद विभाग की ओर से अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि टूटे पाइप से बह रहे पानी ने न केवल सड़क को क्षतिग्रस्त कर दिया है, बल्कि आसपास के खेतों में भी नुकसान होने की संभावना बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन ने जल्द समस्या का समाधान नहीं किया तो वे सामूहिक रूप से विरोध प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन मांग की है कि तत्काल टूटी हुई पाइपलाइन की मरम्मत कर चौराहे पर बने जलभराव को समाप्त किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

## रूमा देवी को मिला राजस्थान जाट गौरव सम्मान

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राष्ट्रीय जाट महासभा के स्थापना दिवस पर प्रदेश कार्यालय में राजीविका की ब्रांड एम्बेसडर रूमा देवी को राजस्थान जाट गौरव सम्मान 2025 से नवाजा गया। राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र कीलक की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव राजपाल चौधरी, महासभा के जिलाध्यक्ष हरलाल सिंह ढाका व नगर परिषद सभापति नीलोफर गौरी ने उन्हें यह अवॉर्ड दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में मरुदेश संस्थान अध्यक्ष डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा, वरिष्ठ लेखक डॉ. वीरेंद्र भाटी मंगल मौजूद थे। इस अवसर पर रूमा देवी ने कहा कि उनके द्वारा ना केवल महिला रोजगार के क्षेत्र में बल्कि कला व सेवा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अपने फाउंडेशन के द्वारा बाड़मेर में बनाए जा रहे विश्व स्तरीय खेल स्टेडियम की भी जानकारी देते हुए कहा कि ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को मौका मिलने से अच्छे परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि सुजानगढ़ महाकवि कन्हैयालाल सेठिया की धरती है। यहां आकर राजस्थानी भाषा के संवैधानिक मान्यता का भी पक्ष रखती हूं। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन द्वारा पारंपरिक लोकगीतों का संरक्षण किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र कीलक ने कहा कि राष्ट्रीय जाट महासभा लगातार किसान मजदूर वर्ग के हितों के लिए लगातार काम करती रहेगी। कार्यक्रम में भंवरलाल गहलोत, हरि भामूं, प्रतिभा कीलका, गिरधारी राहड़, विकास गुलेरिया आदि मौजूद थे।

## ड्रेनेज के वर्क ऑर्डर होने पर विधायक और सभापति ने जताई खुशी

जयपुर टाइम्स





**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सुजानगढ़ के निचले इलाकों में बसने वाले तथा जलभराव वाले क्षेत्रों के निवासियों के लिए खुशखबरी है। शहर से पानी निकासी के लिए प्रस्तारित महती योजना ड्रेनेज कार्य के वर्क ऑर्डर जारी हो गए हैं। पहले फेज में दो साल में पौने 23 करोड़ के काम होंगे। विधायक मनोज मेघवाल ने बताया कि तत्कालीन अशोक गहलोत सरकार का यह महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट था, जिसको बाद में भजनलाल सरकार बनने के साथ ही समीक्षा के नाम पर रोका गया था और वर्क ऑर्डर आदि कार्य अटक गए थे। लेकिन इस बार बरसात ने सुजानगढ़ शहर की जनता को जिस तरीके से परेशान किया है, उससे शायद सरकार को भी लगा है कि वाकई में जनता के लिए यह काफी महत्वपूर्ण कार्य है। लेकिन अब देरी से जो वर्क ऑर्डर हुआ है, उससे उम्मीद जगी है कि समय पर अगर काम हुआ, तो जनता को जलभराव की बड़ी समस्या से राहम मिल जायेगी। क्योंकि अगर दो साल पहले काम शुरू होता, तो इस बात जितनी दिक्कत आई है, उतनी नहीं आती। मेघवाल ने सरकार से मांग की है कि फस्ट फेज के साथ ही सरकार को अब ड्रेनेज के दूसरे फेज के लिए भी स्वीकृति जारी कर देनी चाहिए, ताकि समस्या का पूर्णतया समाधान हो सके। इसी प्रकार सभापति नीलोफर गौरी ने बताया कि 2022-23 में उन्होंने नगर परिषद से 78 करोड़ की डीपीआर बनाकर भिजवाई थी। जिस पर उस समय सरकार ने बजट घोषणा में इसे स्वीकृति दी थी। सरकार बदलने के बाद इसमें कुछ देरी हुई थी। लेकिन अब इसके टेंडर होने के बाद इसके वर्क ऑर्डर जारी हो गए हैं। उन्होंने बताया कि पहले फेज में शहर की चापटिया तलाई, बस स्टैंड, स्टेशन रोड, मुख्य बाजार, नया बास गेनानी क्षेत्रों में लाइन डाली जाएगी। सभापति ने उम्मीद जताई कि अब सुजानगढ़ को जलभराव की समस्या से मुक्ति मिल जाएगी।

### मंडावा शहर में जल सप्लाई तंत्र के सुधार पर चर्चा

## अनिल रुहेला की पहल से मंडावा शहर में आरयूआईडीपी परियोजनाओं को नई दिशा

जयपुर टाइम्स



**मंडावा(निसं.)** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) के चतुर्थ चरण के अंतर्गत मंडावा शहर में जल प्रदाय तंत्र को उन्नत बनाने और जनसुविधाओं को मजबूत करने के लिए कई महत्त्वपूर्ण परियोजनाओं का संचालन हो रहा है। इन योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का जिम्मा अधिशाषी अभियंता देवेन्द्र कुमार सैनी और अनिल रुहेला ने अपनी जिम्मेदारी और लगन से निभाया है। उनकी कुशल नेतृत्व क्षमता और समर्पण के चलते यह परियोजनाएं न केवल सफल हो रही हैं, बल्कि आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव भी ला रही हैं। बुधवार को आरयूआईडीपी के अधिशाषी अभियंता देवेन्द्र कुमार सैनी के निर्देशन में शेखों के मोहल्ले एक जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आरयूआईडीपी के सहायक सामुदायिक विकास अधिकारी अनिल रुहेला ने महिलाओं के साथ समूह चर्चा की। इस चर्चा में उन्होंने महिलाओं को जल मीटर के फायदे, उसके रखरखाव और जल संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी। रुहेला ने यह स्पष्ट किया कि परियोजना के अंतर्गत लगाए गए नए जल मीटर के कारण जल सप्लाई प्रेशरयुक्त होगी, जिससे पानी की मोटर लगाने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि जल मीटर के आगे बूस्टर पंप न लगाएं, क्योंकि यह जल सप्लाई तंत्र को नुकसान पहुंचा सकता है। कार्यक्रम में अनिल रुहेला ने बताया कि नए जल कनेक्शन की फाइल कैसे और कहां लगानी है। साथ ही, उन्होंने यह भी समझाया कि नई पेयजल लाइन में किसी भी समस्या का समाधान कैसे किया जा सकता है। उपस्थित महिलाओं को जल संरक्षण के तरीके बताते हुए उन्होंने परियोजना के दीर्घकालिक लाभों पर जोर दिया। समुदाय से सहयोग की अपीलसंवेदक फर्म के मैनेजर विनय रेड्डी ने भी इस कार्यक्रम में भाग लेते हुए महिलाओं से परियोजना कार्यों में सक्रिय सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग से इन कार्यों को समय पर पूरा किया जा सकता है।

## 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** गावं लुमास का बास स्थित श्री बाला जी मन्दिर प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का बुद्धवार को समापन हुआ। भागवत कथा में चार वेद, पुराण, गीता एवं श्रीमद् भागवत महापुराण की व्याख्या, प्रभुपाद, पंडित राजाराम महाराज के मुखारवृंद से उपस्थित भक्तों ने श्रवण किया। विगत सात दिनों तक भगवान श्री कृष्ण जी के वात्सल्य प्रेम, असीम प्रेम के अलावा उनके द्वारा किए गए विभिन्न लीलाओं का वर्णन कर वर्तमान समय में समाज में व्याप्त अत्याचार, अनाचार, कटुता, व्यभिचार को दूर कर सुंदर समाज निर्माण के लिए युवाओं को प्रेरित किया। इस धार्मिक अनुष्ठान के सातवें एवं अंतिम दिन भगवान श्री कृष्ण के सर्वोपरी लीला श्री रास लीला, मथुरा गमन, दुष्ट कंस राजा के अत्याचार से मुक्ति के लिए कंसबध, कुबजा उद्धार, रुक्मणी विवाह, शिशुपाल वध एवं सुदामा चरित्र का वर्णन कर लोगों को भक्तिरस में डुबो दिया। इस दौरान भजन गायन ने उपस्थित लोगों को ताल एवं धुन पर नृत्य करने के लिए विवश कर दिया। पंडित जी ने सुंदर समाज निर्माण के लिए गीता से कई उपदेश के माध्यम अपने को उस अनुरूप आचरण करने कहा जो काम प्रेम के माध्यम से संभव है, वह हिंसा से संभव नहीं हो सकता है। समाज में कुछ लोग ही अच्छे कर्मों द्वारा सदैव चिर स्मरणीय होता है, इतिहास इसका साक्षी है। लोगों ने रातभर इस संगीतमयी भागवत कथा का आनंद उठाया। इस सात दिवसीय भागवत कथा में आस-पास गांव के अलावा दूर दराज से काफी संख्या में महिला-पुरूष भक्तों ने इस कथा का आनंद उठाया। सात दिनों तक इस कथा में पुरा वातावरण भक्तिमय रहा। प्रवचन के बाद कमेटी के द्वारा उपस्थित भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया।



# दिलीप सेन, समीर सेन को भेंट की स्मारिका



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ की स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में हाल ही में प्रकाशित स्मारिका सुजान यश धारा बॉलीवुड के प्रख्यात संगीतकार जोड़ी दिलीप सेन समीर सेन को क्लब सचिव महावीर मीरनका, सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा, गोपाल चोटिया व हाजी मोहम्मद द्वारा भेंट की गई। दिलीप सेन ने स्मारिका का अवलोकन करते हुए स्मारिका को अनमोल व संग्रहणीय दस्तावेज बताया। वहीं समीर सेन ने कहा की क्षेत्र के मूर्धन्य कलाकारों को स्मारिका में समाहित कर उनके अमूल्य योगदान का उल्लेख करना यग्स क्लब का प्रशंसनीय प्रयास है।। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि स्मारिका में क्षेत्र के श्रेष्ठी जनों सहित संगीत क्षेत्र में राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र को गौरवान्वित करने वाले कलाकारों एवम शिक्षा, चिकित्सा, पर्यावरण व सामाजिक सेवा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले युवाओं को शामिल किया गया है। इस अवसर पर प्रेम सागर बागड़वा, अमृत सेन, युनुस खान, समीर खान, जावेद खान आदि लोग मौजूद रहे।

# विद्यालय में छात्रोपयोगी सामान एवं सुविधाओं का लोकार्पण



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** सरदार हरलाल सिंह राउमावि हनुमानपुरा में प्राप्त जनसहयोग व समसा से प्राप्त 450000 रुपयों से क्रय किए गए सामान एवं स्थापित की गई सुविधाओं का अवलोकन व लोकार्पण सीबीईओ अशोक कुमार शर्मा शर्मा,आरपी उत्तम दाधीच एवं प्रधानाचार्य जवाहरलाल काला द्वारा किया गया। आरम्भ में मां शारदे की पूजा वंदन के बाद अवलोकन व लोकार्पण कार्यक्रम का संचालन तनेश कुमार उप प्रधानाचार्य द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है की सामग्री में दो अलमारी, तीन आराम दायक ऑफिस कुर्सी, डिजिटल बोर्ड, फिसल पट्टी, लोहे का झूला, टेबिल टेनिस की मेज व प्रयोगशाला में काम में आने वाली सामग्री का अतिथिगणों द्वारा फीता काटकर लोकार्पण किया गया। शर्मा ने कहा कि विद्यालय में ये सुविधाएं बहुत ही उपयोगी साबित होगी। छात्र इनका नियमित उपयोग कर अपने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को अच्छा बनाए एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों का सर्वांगीण विकास हो। कार्यक्रम में ग्राम के गणमान्यजन, एस डी एम सी के सदस्य एवं विद्यालय स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य जवाहरलाल काला ने शर्मा एवं दाधीच का माला पहनाकर स्वागत किया व अमूल्य समय देने के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के समापन एवं विद्यालय समय के बाद सी बी ई ओ शर्मा ने विद्यालय स्टाफ एवं छात्रों के साथ वालीबाल मैच खेलकर खेल भावना का परिचय देते हुए छात्रों एवं विद्यालय स्टाफ को नियमित रूप से खेलने के लिए प्रेरित किया।

# मंडावा में अनूठी पहल,शादी के शुगन के 77632 रुपये गौशाला में भेंट किये



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** जहाँ आजकल शिक्षा के प्रचार प्रसार के साथ लोग अनेक अच्छे कार्य कर रहे हैं वैसा ही एक और अच्छा कार्य मंडावा में देखने को मिला।मंडावा में श्याम सिंह नेवरी के पुत्र महिपाल सिंह की शादी 12 नवम्बर को है,जिसका प्रीतिभोज 11 नवम्बर को हरिटेज होटल में आयोजित किया गया।इस अवसर पर प्रीतिभोज में आये शगुन के रुपये दूल्हे के पिता श्याम सिंह व दूल्हे महिपाल सिंह ने कामधेनु निराश्रित गौ शाला के अध्यक्ष रविंद्र शर्मा को गौसेवा के लिये सौंप दिये। यह राशि 77632 रुपये की थी। इससे पूर्व दूल्हे ने सम्पूर्ण गौवंश के लिये ब्रम्हपुरी भी अपनी दादी सा के साथ भेंट की । जो कि क्षेत्र में चर्चा का विषय बन रही है। उल्लेखनीय है कि दूल्हा महिपाल सिंह समय समय पर गौवंश के चुरी,खल,गुड़ आदि की व्यवस्था के स्वयं श्रमदान भी गौशाला में करता रहता है। अध्यक्ष रविन्द्र शर्मा ने दूल्हे व उसके पिता का आभार प्रकट किया।

# विद्यार्थी तकनीकी क्षेत्र में केरियर बनाने के लिए भी हो जागरूक : अरुण गर्ग

**झुंझुनू(नि.सं.)** डाइट झुंझुनू में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से तीन दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का बुधवार को शुभारंभ किया गया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग, विशिष्ट अतिथि प्रभागाध्यक्ष दीपेंद्र बुडानिया, प्रतिभा न्योला, राजबाला ढाका, प्रमेन्द्र कुल्हार, सरिता अजय प्रेमी, रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता डाइट प्रधानाचार्य सुमित्रा झाझड़िया द्वारा की गई । कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग ने अपने उद्बोधन में उपस्थित संभागियों को कहा की राजकीय विद्यालयों में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को करियर गाइडेंस देते समय सामान्य एवं परंपरागत करियर के क्षेत्रों के साथ-साथ टेक्नोलॉजी और एआई (आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस ) के क्षेत्र में केरियर के अनेकों अवसर हैं,उनके बारे में जागरूक करना चाहिए । साथ ही गर्ग ने डाइट के नवाचारो के लिए डाइट शैक्षिक टीम और डाइट प्रधानाचार्य की लीडरशीप के प्रशंसा करते हुए इस प्रकार जिले में शैक्षिक उन्नयन हेतु कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया।

# गर्भवती महिलाओं में इंजेक्शन से दूर होगी एनीमिया की कमी

जयपुर टाइम्स




**झुंझुनूं(निसं.)।** पिंक पखवाड़ा' से एनीमिया पर वार गर्भवती और धात्री (स्तनपान कराने वाली) महिलाओं में खून की कमी (एनीमिया) के बढ़ते मामलों पर तेजी से रोक लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग एक बड़ा अभियान चलाने जा रहा है। 17 से 30 नवंबर तक पूरे झुंझुनूं में 'पिंक पखवाड़ा' मनाया जाएगा। इस मिशन मोड अभियान का मुख्य फोकस एनीमिया से जूझ रही महिलाओं में हीमोग्लोबिन का स्तर तेजी से बढ़ाना है, ताकि मातृ मृत्यु दर को कम किया जा सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने जानकारी दी कि अब तक एनीमिया के प्रबंधन के लिए आयरन-फोलिक एसिड की गोलियों का इस्तेमाल होता रहा है। लेकिन इन गोलियों के परिणाम आने में काफी समय लगता था। साथ ही, कई महिलाओं को मतली, कब्ज और पेट दर्द जैसी समस्याएं भी होती थीं, जिससे वे नियमित रूप से दवा नहीं लेती थीं। डॉ. गुर्जर ने बताया कि 'पिंक पखवाड़े' के दौरान फेरिक कॉर्बोक्सी माल्टोज इंजेक्शन का उपयोग किया जाएगा। यह एक नई और बेहद प्रभावी विधि है। पहले IFA गोलियों से हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़ाने में छह महीने या उससे अधिक समय लगता था, लेकिन FCM इंजेक्शन से मात्र डेढ़ से दो माह के भीतर ही हीमोग्लोबिन का स्तर 3 से 4 ग्राम तक बढ़ाया जा सकता है। यह इंजेक्शन उन गर्भवती और धात्री महिलाओं के लिए वरदान साबित होगा, जिनका हीमोग्लोबिन स्तर 5 से 9 ग्राम के बीच है, यानी जो मध्यम से गंभीर एनीमिया की श्रेणी में हैं। प्रशिक्षित चिकित्सक की देखरेख में यह इंजेक्शन लगाने से शरीर में आयरन का अवशोषण तेजी से होगा। अभियान को सफल बनाने के लिए ग्राम स्तर पर स्वास्थ्यकर्मी पूरी तरह सक्रिय हो जाएंगे। आशा सहयोगिनी और एएनएम मिलकर घर-घर सर्वे करेंगी। वे उन सभी महिलाओं की सूची तैयार करेंगी जिनका हीमोग्लोबिन स्तर कम है। इसके बाद चिन्हित महिलाओं को पास के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या उच्च स्तरीय चिकित्सा संस्थान पर बुलाया जाएगा। यहां विशेषज्ञ चिकित्सक की निगरानी में उन्हें सुरक्षित रूप से FCM इंजेक्शन लगाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने FCM इंजेक्शन को पूरी तरह सुरक्षित और प्रभावी बताया है, जिसे विश्व स्वास्थ्य संगठन भी मान्यता देता है। सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने बताया कि राजस्थान में मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को नियंत्रित करने के लिए एनीमिया पर काबू पाना सबसे बड़ी प्राथमिकता है। एनीमिया के कारण प्रसव के दौरान गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है। विभाग का लक्ष्य 100' गर्भवती महिलाओं की हीमोग्लोबिन जांच सुनिश्चित करना है। कम हीमोग्लोबिन वाली महिलाओं को तत्काल FCM इंजेक्शन द्वारा उपचार दिया जाएगा। इस 14 दिवसीय पखवाड़े के दौरान सभी PHC, CHC और जिला अस्पताल सक्रिय भागीदारी करेंगे। इस अवधि में खून की जांच के लिए कैंप भी आयोजित किए जाएंगे। महिलाओं को आयरन युक्त आहार, हरी सब्जियां, दालें और गुड़ खाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। पखवाड़े के समापन के बाद जिला स्तर पर एक समीक्षा बैठक होगी। इसमें ब्लॉकवार प्रगति रिपोर्ट ली जाएगी और आकलन किया जाएगा कि कितने प्रतिशत महिलाओं को सफलतापूर्वक उपचार दिया गया है।

# इंद्रमणि पार्क में हाईमास्क लाइट लगाने की मांग, आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** शहर के मध्य में स्थित धर्मस्तूप के पास इंदमणी पार्क में हाईमास्क लाइट लगाने की मांग को लेकर समस्या समाधान केंद और सामाजिक संगठन चूरू एकता मंच के सयुक्त तत्वाधान में नगर परिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए लाइट की मांग की गई। समाजसेवी प्रमोद शर्मा ने बताया कि पार्क में घूमने और व्यायाम करने के लिए बड़ी संख्या में शहरवासी आते हैं, अंधेरे के कारण आमजन को परेशानी हो रही है। 86 वर्षीय सत्यनारायण व्यास के कहा कि प्रतिनिधि मंडल द्वारा मांग रखने पर आयुक्त महोदय ने इस पर सहमति प्रदान करते हुए विद्युत विभाग को मांग आगे प्रेषित की है। पिछले कई वर्षों से इंद्रमणि पार्क में अनेकों अनियमितताएं मिलने के कारण सामाजिक संगठनों द्वारा इनके निस्तारण की लगातार मांग की जा रही है। हाईमास्क लाइट लगने के बाद आमजन को इसका लाभ मिल सकेगा। इस अवसर पर पुरुषोत्तम लाल पटवारी, डालचंद सोनी, मुरारी लाल सरावगी, चुनीलाल सैनी, बनवारी लाल दलाल, राजकुमार लखेरा, मघाराम नायक, मोतीलाल सोनी, कुलडाराम जांगिड़ उपस्थित रहे।

# तोदी महाविद्यालय ने लहराया परचम, जीता टेबल टेनिस का खिताब

जयपुर टाइम्स




**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर की अंतर-महाविद्यालय (पुरुष वर्ग) टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को स्थानीय भगवानदास तोदी महाविद्यालय में किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के पांच महाविद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया। रोमांचक मुकाबलों के बीच मेजबान भगवानदास तोदी महाविद्यालय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि राजकीय महाविद्यालय फतेहपुर की टीम उपविजेता रही।एकल वर्ग में राजकीय विज्ञान महाविद्यालय, सीकर के छात्र विवेक इंदौरिया ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं कुलदीप कुमार (भगवानदास तोदी महाविद्यालय) उपविजेता रहे। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय चेयरमैन नॉमिनी सरिता जाट,ऑब्जर्वर ललित शर्मा, तथा रेफरी नरेंद्र वेदी एवं कमलराज ने अपनी भूमिका निभाई। समापन अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एन.एस. नाथावत ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में टीम भावना और अनुशासन विकसित करती हैं। महाविद्यालय के एडमिन प्रमेंद्र सिंह शेखावत ने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने की प्रेरणा दी।इस अवसर पर शारीरिक शिक्षक सुरेंद्र सिंह,डॉ.आनन्द शर्मा,लेफ्टिनेंट डॉ. नरेश कुमार वर्मा,डॉ. राशिद अली, पवन कुमार मीणा एवं समस्त स्टाफ सदस्य एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# चूरू की रेहाना रियाज चिश्ती बनीं एआईसीसी सचिव, महाराष्ट्र की सह-प्रभारी नियुक्त

## राजस्थान महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष रेहाना रियाज को कांग्रेस हाईकमान ने दी नई जिम्मेदारी, कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)।** राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष रेहाना रियाज चिश्ती को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी में सचिव तथा महाराष्ट्र राज्य में सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। एआईसीसी के जनरल सेक्रेटरी के सी वेणुगोपाल द्वारा जारी आदेश में रेहाना रियाज को यह जिम्मेदारी दी गई है। रेहाना रियाज इससे पहले राजस्थान महिला आयोग की अध्यक्ष रह चुकी हैं। उनको नई जिम्मेदारी देने पर चूरू ज़िले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उत्साह व्यक्त किया है। रेहाना रियाज ने अपनी नियुक्ति पर कांग्रेस आलाकमान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाने की कोशिश करेंगी। उन्होंने कहा कि पार्टी सचिव और महाराष्ट्र जैसे सशक्त और राजनीतिक रूप से समृद्ध राज्य का सह-प्रभार देने के लिए मैं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय मल्लिकार्जुन खड़गे, हमारे प्रेरणास्रोत एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, तथा एआईसीसी संगठन महासचिव के. सी. वेणुगोपाल का हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ। उन्होंने कहा कि यह जिम्मेदारी मेरे लिए केवल एक पद नहीं, बल्कि पार्टी और देश की सेवा का एक नया संकल्प है। मैं विश्वास दिलाती हूँ कि नेतृत्व द्वारा जताए गए इस विश्वास पर पूरी निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ खरी उतरने का हर संभव प्रयास करूंगी। उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस वह पार्टी है, जिसने हमेशा जमीनी कार्यकर्ताओं को पहचान दी है, और मुझे गर्व है कि मैं भी इसी परंपरा का प्रत्यक्ष उदाहरण हूँ। कार्यकर्ता से लेकर सचिव पद की इस जिम्मेदारी तक का सफर, कांग्रेस पार्टी के लोकतांत्रिक और समावेशी चरित्र का प्रमाण है। महाराष्ट्र में संगठन को सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा देने, और पार्टी के विचारों को हर वर्ग तक पहुँचाने के लिए मैं पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करूंगी।

# फूड पोइजनिंग से 6 बीमार

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ(नि.सं.)।** दोपहर को खेत में काम करने के बाद खाना खाने से 6 लोग बीमार हो गए, जिनको उल्टी दस्त की शिकायत हुई जिस पर उन्होंने पडिहारा अस्पताल दिखाया। वहाँ से सुधार नहीं होने पर सुजानगढ़ अस्पताल लेकर आये। बीमार लोगो मे पुष्पा, चंदा निवासीगण रणवा की ढाणी, मंजू, जोगेन्दर सिंह, परमेश्वर, बाली देवी निवासीगण राजियासर खारा के नाम शामिल हैं। मंजू को हायर सेंटर रेफर क्रर दिया गया है। परिजनों के अनुसार उक्त सभी हरलाल के खेत मे काश्तकारी का काम क्रर रहे थे। जहां पर खाना खाने के बाद उल्टी दस्त की शिकायत होने पर तबीयत खराब हो गई।

# पूजन महोत्सव आज

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(नि.सं.)।** श्री राणीसती मन्दिर में गुरूवार को सुबह मंगला आरती के बाद दादी के जन्मोत्सव के उपलक्ष में विशेष पूजन महोत्सव के तहत अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे। दोपहर में महिला श्रद्धालुओं की ओर से मंगल पाठ कार्यक्रम होगा तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा ।

# जमानत आवेदन किया खारिज

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेंद्र प्रताप भाटी ने वाहन से टक्कर मारकर महिला की मौत कारित करने के आरोपी का जमानत आवेदन खारिज कर दिया है। अपर लोक अभियोजक श्याम सुंदर खंडेलवाल ने बताया कि आरोपी रूपाराम पुत्र नाथूराम, निवासी ग्राम गेड़ाप का जमानत आवेदन खारिज किया गया है। न्यायालय ने कहा है कि शराब पीकर दुर्घटनाएं कारित करने से बूकसूर लोगों की जान जाने की घटनाएं काफी बढ़ गई हैं। अतः इस मामले में जमानत का लाभ दिया जाना उचित प्रतीत नहीं होता है। मामले में सरकार की ओर से अपर लोक अभियोजक श्याम सुंदर खंडेलवाल ने पैरवी की।

# स्पोर्टस सप्ताह का समापन किया गया

**बिसाऊ (नि.सं.)**न्यू राजस्थान पब्लिक स्कूल बिसाऊ में आज स्पोर्टस सप्ताह का समापन किया गया। जिसमें बच्चों ने खेल प्रतियोगिता में बढ चढकर भाग लिया। जिसमें मुख्य का आयोजन किया एथेलेटिक्स, बॉलीबाल, बास्केटबॉल, रसाकसी, खो-खो आदि खेलो का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 2 से 12 तक 100 मीटर दौड प्रथम स्थान अमानत, सना, दिव्याशु सैनी, रविना, आयुष, वंशु, इब्राहीम, दिव्या, राहुल,नव्या, निखिल, दिपिका है। 200 मीटर दौड में आयुष, वशिम, तमन्ना, तनवी, मनोज, नजराना, हमजा, मयंक,अंशु,लक्ष्य भामू,कार्तिक है। खो खो में कक्षा 8 ए,4 ए,7बी,9 है। बास्केटबॉल में 11 कला,8ए,7बी,6ए प्रथम स्थान है। बालीबॉल 11 कला प्रथम रही। रस्साकसी में 11 विज्ञान प्रथम रही । इस मौके पर संस्था निदेशक डॉ प्रताप सिंह ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए बताया कि विद्यालय द्वारा पढाई के साथ साथ खेल प्रतियोगिताओं को आयोजन भी किया जाता है जिसमें बच्चे का शारीरिक एवं मानसिक रुप से तैयारी करवाई जाती है। इस मौके पर शारीरिक शिक्षक सुरेन्द्र शर्मा, रणजीत सिंह ने बताया के विद्यालय में स्पोर्टस कक्षा का आयोजन किया जाता है। जिसमें कस्बे एवं आसपास के गांवों से सभी कई गांवों के बच्चे तैयारी के लिए आते है।



राजस्थान सरकार

**कार्यालय, नगरपालिका मण्डल, बीदासर (चूरू) राज0**

E-Mail- nagarpalikabidasar@gmail.com Phone No. : 01560-262028

क्रमांकः - न.पा. बी / भूमि- शाखा / 2025-26 / 9663 दिनांक :- 12/11/25

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित आवेदक ने नामान्तरण / उपविभाजन पट्टा हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः आवेदन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के साथ 07 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर देवे । समयावधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

पत्रावलियों का विवरण

| क्र.स. | नाम | भूमि का क्षेत्रफल (वर्गमीटर में) | आस-पास का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम |
| 1. | श्री हंसराज छापोला पुत्र श्री मोहनलाल छापोला जाति प्रजापत निवासी वार्ड न. 19 कस्बा बीदासर | 368.18 नामान्तरण (उपविभाजन) | 76'.0" | 72'.0" | 45'.0" | 62'.0" |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका बीदासर

**BHANWAR LAL KUCHERIA**
**ADVOCATE**
**COURT CAMPUS, SUJANGARH 331507**
**Distt Churu (Raj.) Mob. 9414402060**

Date 12-11-2025

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल बन्टी पुत्र विश्वदेव जाति बाल्मिकी, निवासी वार्ड न. पुराना 37, वर्तमान वार्ड न. 47, नई हरीजन बस्ती, कस्बा सुजानगढ़ जिला चूरू की पुत्री कोमल ने मेरे मुव्वकिल की इच्छा के विपरीत घर से भागकर दिनांक 06-10-2025 को निकल कर आकाश पुत्र राकेश जाति बाल्मिकी निवासी हरिजन बस्ती, वार्ड न. 38, सरदारशहर जिला चूरू के साथ दिनांक 07-11-2025 को एक 100 /- रूपये के स्टाम्प पर सहमति पत्र लिखकर निवास कर रही है। मेरे मुव्वकिल ने अपनी पुत्री कोमल को अपनी चल व अचल सम्पति से बेदखल कर दी है। हमारे मुव्वकिल का भविष्य में कोमल के साथ किसी प्रकार का कोई सम्बंध नहीं रहा है। कोमल से कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का लेन-देन करेगा, तो उसका जिम्मेदार मेरा मुव्वकिल नहीं होगा, स्वयं कोमल होगी। सूचित रहे ।

भवदीय
भंवरलाल कुचेरिया, एडवोकेट
न्यायालय परिसर, सुजानगढ़ (चूरू)

**कार्यालयः- सदस्य सचिव, राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी, राजकीय डी. बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू**

Email- msdbhchuru@gmail.com Phone :- 01562-250333

क्रमांकः- लेखा/निविदा/2025/3445 दिनांकः- 4.11.2025

**ई- निविदा आमन्त्रण सूचना**

इस चिकित्सालय को निम्न विवरणानुसार से सामग्री कय/कार्य हेतु वार्षिक दर संविदा /अनुवन्ध किया जाना है। अतः इच्छुक निविदादाताओं यथा-विर्निमाताओं/ अधिकृत फर्मो/ डीलरों / बोनाफाइड डीलर्स आदि से दो रूपों में निविदा प्रस्ताव यथा - तकनीकी प्रस्ताव व वित्तीय प्रस्ताव हेतु मुहरबन्द लिफाफों में निविदायें आमन्त्रित है। निविदा की शर्ते, निविदा शुल्क, अमानत राशि, अनुमानित लागत, ई निविदा प्रपत्र विक्रय /डाउनलोड कर प्रस्तुत करने/निविदा खोलनें की तिथि व समय इत्यादि की सम्पूर्ण जानकारी कार्यालय कार्य दिवस/समय में और वैवसाईट sppp.rajasthan.gov.in पर देखनें /डाउनलोड करनें हेतु अपलोड कर दी गयी हैं।

| क्र.स. | निविदा सामग्री का विवरण | UBN No. |
|---|---|---|
| 1 | चिकित्सालय की पुरानी बिल्डिग, एमसीएच विंग, नैत्र चिकित्सालय सफाई कार्य हेतु | MHS2526SLOB04852 |

सदस्य सचिव (RMRS)
राजकीय डी.बी.सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू

DIPR/C/16405/2025

**कार्यालय उप वन संरक्षक, चूरू**

इस कार्यालय के अधिन निम्नानूसार विकास कार्य करवाये जाने है:-

| क्र.सं. | बिड संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि | UBN नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | खुली बोली सूचना संख्या 25/2025-26 | टयूबवेल खुदाई एवं स्थापित कार्य (As per G Schedule) | 4.00 लाख | FOR2526WSOB03104 |

खुली बोली सें संबंधित समस्त विवरण / नियम एवं शर्तें वेबसाईट www.Sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

DIPR/C/16382/2025

उप वन संरक्षक,
चूरू

**SE CUM PROJECT MANAGER, WCDC, WATERSHED DEVELOPMENT & SOIL CONSERVATION, CHURU**

E-mail ID- SEWDSC.CHURU@RAJASTHAN.GOV.IN

क्रमांक : एफ3 ()7 अ.अ/डब्ल्यूसीडीसी/चूरू/निविदा/2025-26/1835 दिनांक :4/11-25

**NOTICE INVITING BID**
**E-NIT No 15/ YEAR 2025-26**

Bids for Watershed Development Works are invited from interested bidders up to 05.00 PM on 14.11.2025 as per following details. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https//eproc.rajasthan.gov.in or https//sppp.rajasthan.gov.in or https//watershed.rajasthan.gov.in) bof the state departmental website. Please Publish in One State Level & One Regional/Local daily News Paper (As per Rule) in Minimum Space.

| S.No. | Block | NIB Code | UBN Code |
|---|---|---|---|
| 1 | Ratangarh | WSC2526A0934 | WSC2526WSRC01595 |

DIPR/C/16446/2025

S. E & P. M
WCDC, Churu

## राजाखेड़ा में नहीं रूक रहे हैं ओवरलोड वाहन सड़कों पर धड़ल्ले से दौड़ते हुए आते हैं नजर कैसे रुकै दुर्घटनाएं



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर राजाखेड़ा(निसं.)** कस्बा राजा खेड़ा के अंदर शमशाबाद आगराबाईपास शमशाबाद राजाखेड़ा रोड पर ओवरलोड की रहती भरमार आखिर कैसे रुकेगी दुर्घटनाएं हर साल दर्जनों व्यक्ति जाते हैं काल के गाल में चाहे वह थ्री व्हीलर ऑटो हो या ईंटों से भरा ट्रैक्टर हो चाहे ओवरलोड ट्रक हो और चाहे वह उपजाई मिट्टी को डंपर इन बातों पर ले जाते हुए दौड़ते ही नजर आते हैं सरकार द्वारा चलाए जा रहे 4 नवंबर से 18 नवंबर तक सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंदर केवल दो पहिया वाहन मोटरसाइकिलों की ही जांच कर इतनी होती है जबकि अन्य वाहन खुले में सड़क पर दौड़ते हुए नजर आते हैं जो की बेरोक टोक धड़ले से दौड़ रहे हैं क्या इस अभियान अभियान के अंदर भर वाहनों को शामिल करने पर पाबंदी है यदि ओवरलोड वाहनों को चेक करना शुरू कर दिया जाए तो दुर्घटनाओं में काफी अंकुश लगाया जा सकता है क्या स्थानीय प्रशासन इन ओवरलोड वाहनों पर जांच कर शिकंजा करने की कार्रवाई करेगा जिससे दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके।

## जिले में यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों के खिलाफ पुलिस की लगातार सख्ती जारी



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में कल जिले भर में यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर 224 वाहन चालकों के विरुद्ध की कार्रवाई, 830 आमजन को किया गया जागरूक पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में राजस्थान सरकार एवं पुलिस मुख्यालय द्वारा सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिले भर में 4 से 18 नवंबर तक चलाया जा है। अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने, गलत दिशा में गाड़ी चलाने और अन्य उल्लंघनों पर सख्त एक्शन लेते हुए अब तक जिले में सैकड़ों वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि अभियान में कल यानि 11 नवंबर को जिले भर में सभी थानों की पुलिस टीमों द्वारा अलग अलग स्थानों पर कार्रवाई कर 224 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की है एवं 830 आमजन को यातायात नियमों के विरुद्ध जागरूक किया गया है। इस दौरान 08 चालकों को शराब पीकर वाहन चलाने, 24 को तेज गति से गाड़ी चलाने, 27 को गलत दिशा में वाहन चलाने, 01 को खतरनाक तरीके से ड्राइविंग करने, 25 को बिना रिफ्लेक्टर और 41 को बिना नंबर प्लेट वाहन चलाने एवं 98 अन्य में कार्रवाई की गई है।

## बिलौची एचपी ऑटो केयर फैसेलिटीज सेंटर पर पर दौलतपुरा थाना पुलिस ने लगवाए लेन ड्राइविंग के फ्लेक्स बोर्ड, वाहन चालकों को किया जागरूक




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** दौलतपुरा थाना पुलिस ने क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और लेन ड्राइविंग को लेकर चलाये जा विशेष जागरूकता अभियान को जारी रखा। अभियान के तहत थाना पुलिस ने जयपुर-दिल्ली एक्सप्रेसवे पर बिलोंची की हिंदुस्तान पैट्रोलियम कॉरपोरेशन के ऑटो केयर फैसेलिटीज पर तथा दौलतपुरा टोल प्लाजा सहित अन्य जगह पर वाहन चालकों, टोल कर्मचारियों और पेट्रोल पंप स्टाफ को लेन सिस्टम की जानकारी दी। बिलोंची एचपी ऑटो केयर फैसिलिटी प्रबंधक बनवारी कालावत ने बताया कि इस दौरान पुलिस टीम ने ड्राइवरों से अपील की कि वे सड़क पर निर्धारित गति सीमा का पालन करें और नशे की हालत में वाहन न चलाएँ। मौके पर लगाए गए फ्लेक्स बोर्डों पर नशे की हालत में वाहन न चलाएँ, यह आपकी और दूसरों की जान के लिए खतरनाक है, मोबाइल छोड़ो, स्टीयरिंग पकड़ो सुरक्षित रहो और सड़क पर जल्दबाजी नहीं, सुरक्षा में है जैसे जागरूकता संदेश लिखे फ्लेक्स लगवाए। थाना प्रभारी ने बताया कि यह अभियान सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और लोगों में ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट और चारपहिया चालकों को सीट बेल्ट लगाने की विशेष हिदायत दी गई है। साथ ही वाहन चालकों से यह भी अपील की गई कि वे यातायात संकेतों का पालन करें। इस दौरान शिक्षाविद अर्जुन मुवाल, भाजपा के सुरेश प्रजापत, पवन दोतोलिया, सुगम शर्मा, महेंद्र मुवाल, महेंद्र यादव, गोपाल मीणा, अर्जुन लाल जाट, मोहन गुर्जर आदि भी मौजूद थे।

## विधिक सेवा सप्ताह, ''न्याय आपके द्वार-लोक उपयोगिता समस्याओं का सुलभ एवं त्वरित समाधान'' एव सड़क सुरक्षा अभियान के तहत रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा महिला बाल विकास विभाग, स्काउट गाइड एवं मंजरी फाउंडेशन के सहयोग से न्यायालय परिसर से गांधी पार्क धौलपुर तक विधिक सेवा सप्ताह, ''न्याय आपके द्वार-लोक उपयोगिता समस्याओं का सुलभ एवं त्वरित समाधान'' एवं सड़क सुरक्षा सप्ताह अभियान के तहत रैली को पारिवारिक न्यायाधीश सुशील कुमार पाराशर, पोक्सो न्यायाधीश राजकुमार, एमएसीटी न्यायाधीश प्रीति नायक, सचिव रेखा यादव, एससी-एसटी न्यायाधीश नम्रता पारिक, अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट शैला फौजदार, न्यायिक मजिस्ट्रेट सुमन मीणा, करुणा आदि के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर सचिव रेखा यादव ने उपस्थित महिलाओं को बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अंतर्गत समाज के कमजोर वर्गों को निःशुल्क विधिक सेवाएँ प्रदान करने और




विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान हेतु लोक अदालतों का आयोजन करने के उद्देश्य से किया गया है। सचिव ने बताया कि इसका आदर्श वाक्य है 'न्याय सबके लिए। हर वर्ष 9 नवम्बर को पूरे भारत में कानूनी सेवा दिवस मनाया जाता है। भारत में सभी को समान न्याय का सिद्धांत संविधान के अनुच्छेद 39(ए) में निहित है। यह अनुच्छेद यह सुनिश्चित करता है कि न्याय तक पहुँच आर्थिक या अन्य अक्षमता के कारण किसी से वंचित न रहे। इसी संवैधानिक भावना को लागू करने के लिए संसद ने वर्ष 1987 में 'विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 पारित किया। इस अधिनियम के तहत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की स्थापना हुई, जो 9 नवम्बर 1995 से कार्यरत हुआ। इसी दिन की स्मृति में 'कानूनी सेवा दिवस' मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को न्याय तक पहुँच उपलब्ध कराना, आम नागरिकों में कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना, यह सुनिश्चित करना कि गरीबी या अशिक्षा किसी को न्याय से वंचित न करे, लोगों को लोक अदालतों, मध्यस्थता और सुलह जैसे वैकल्पिक न्याय तंत्रों के बारे में जानकारी देना, समाज में न्यायिक साक्षरता को बढ़ावा देना आदि है एवं इसके साथ ही सड़क सुरक्षा के बारे में बताया कि हमेशा दोपहिया वाहनों पर चलते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए एवं चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट का प्रयोग करना चाहिए इसके अतिरिक्त वाहन की गति निर्धारित सीमा से अधिक नहीं होनी चलानी चाहिए। जिला परिवहन अधिकारी मुकुल कुंद्रा ने बताया कि सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव के निर्देशन में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत विभाग की ओर से निरंतर चालान की प्रक्रिया अमल में लाई जा रही है। उन्होंने राजस्थान सरकार द्वारा गुड सेमेरिटर्न के रूप में मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के बारे में जानकारी दें। न्याय दर्शन संस्था के सचिव रंजीत दिवाकर ने गोल्डन आवर्स के बारे में जानकारी दी ट्रेनी न्यायिक अधिकारीगणों ने बताया कि सड़क सुरक्षा अभियान के तहत यातायात नियमों का पालन करें जैसे ट्रैफिक सिग्नल, गति सीमा और सड़क चिह्नों का पालन करना, शराब या किसी भी नशीली दवा के प्रभाव में वाहन न चलाएं, गाड़ी चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करें, अपनी लेन में चलें, आगे वाले वाहन से एक सुरक्षित दूरी बनाए रखें, चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट पहनें और दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर पहनें आदि का पालना करना चाहिए। इस अवसर पर रैली में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को परिवहन विभाग की ओर से यातायात नियमों संबंधित पंपलेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर ट्रेनी न्यायिक अधिकारीगण अंकित यादव, रेखा चौधरी, पूनम अग्रवाल, विक्रम ठोलिया, महिला बाल विकास से मांगीलाल, मंजरी फाउंडेशन से सुबोध गुप्ता, अधिवक्ता रंजीत दिवाकर, जिला परिवहन अधिकारी मुकुल कुंद्रा, ट्रैफिक इंचार्ज बलविंदर एवं न्याय विभाग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## नगर परिषद व यातायात पुलिस की कार्यवाही के बावजूद दुकानों के आगे फिर बढ़ा अस्थाई अतिक्रमण, शहरवासी परेशान

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निसं.)।** शहर में लगातार लग रहे जाम और यातायात व्यवस्था को सुचारू करने के उद्देश्य से जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गत शुक्रवार को नगर परिषद एवं यातायात पुलिस द्वारा जगदीश टॉकीज से गुलाब चौराहा मार्ग तक संयुक्त अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी। अभियान के दौरान नाले के ऊपर बने चबूतरे, दुकान मार्ग पर लगाए गए काउंटर, तिरपाल सहित विभिन्न अस्थाई निर्माणों को जेसीबी की सहायता से हटाया गया। कार्यवाही का नेतृत्व नगर परिषद के मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक प्रकाश श्रीवास्तव एवं यातायात प्रभारी बलविंदर सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान दुकानदारों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए कि दुकान की सीमा से बाहर किसी भी प्रकार का अस्थाई अतिक्रमण न किया जाए। यह मार्ग शहर का सबसे व्यस्ततम मार्ग होने के कारण प्रतिदिन जाम की स्थिति उत्पन्न होती है, ऐसे में यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए यह कार्यवाही आगे भी जारी रहने की चेतावनी दी गई थी। अभियान के दौरान कलेक्ट्रेट के सामने स्थित जोधपुर मिष्ठान भण्डार, बीकानेर मिष्ठान भण्डार, आकाश कलेक्शन सहित कई दुकानों के आगे बने अतिक्रमण हटाए गए थे। किन्तु प्रशासनिक चेतावनी के बावजूद, अगले ही दिन जोधपुर मिष्ठान भंडार और बीकानेर मिष्ठान भंडार आदि अनेक दुकानदारों द्वारा पुनः अस्थाई अतिक्रमण कर दिया गया। गुलाब बाग मार्ग, कलेक्ट्रेट रोड एवं मुख्य बाजार क्षेत्र में फुटपाथ, वाहन पार्किंग एवं पैदल मार्गों पर पुनः सामान फैलाकर कब्जा जमा लिया गया है। इसके कारण क्षेत्र में दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे आम उपभोक्ता, छात्र, व्यापारी, राहगीर, एम्बुलेंस व आवश्यक सेवाओं के वाहन भी प्रभावित हो रहे हैं। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसी कार्यवाही केवल एक दिन की न होकर निरंतर रूप से संचालित की जाए तथा नियमित निगरानी टीम तैनात की जाए, ताकि सड़क, फुटपाथ एवं सार्वजनिक मार्गों पर आम नागरिकों का अधिकार प्रभावी रूप से बनाए रखा जा सके।

## आखिर कब तक होते रहेगे फाइलों में दफन उपखंड अधिकारी के आदेश, ब्याज वसूली ठप, करीबन 15 महा से नहीं ब्याज की गणना

### राजकोष को लाखों की हानि!

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** राजाखेड़ा कस्बे के वार्ड नंबर 15 में एक दंपत्ति द्वारा फर्जी तरीके से वृद्धा पेंशन स्वीकृत कराने का मामला अब प्रशासनिक लापरवाही का प्रतीक बन गया है।उपखंड अधिकारी राजाखेड़ा द्वारा जांच के बाद अपात्र पाए जाने पर वसूली के आदेश तो जारी किए गए, परंतु ब्याज की गणना के आदेश फाइलों में ही दफन रह गए।जानकारी के अनुसार,शिकायत मिलने पर उपखंड अधिकारी ने पत्र क्रमांक 680/24 दिनांक 07 सितम्बर 2024 के माध्यम से ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी राजाखेड़ा को निर्देश दिए थे कि वसूली गई राशि पर 18' ब्याज की गणना कर उपखंड कार्यालय में भिजवाने को आदेश जारी किया। ब्याज की राशि को राजकोष में जमा कराये जाए। परंतु करीब 15 माह बीत जाने के बावजूद आज तक ना तो ब्याज की गणना हुई और ना ही राशि जमा कराई गई।फरियादी ने कई बार कार्यवाहक ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी से फोन पर संपर्क किया, लेकिन हर बार टालमटोल भरे जवाब मिले।प्रशासनिक स्तर पर भी आदेशों की पालन न होने से शिकायतकर्ता अब न्याय की गुहार लगाने को मजबूर है।

### क्या है पूरा मामला

राजाखेड़ा के माता प्रसाद पुत्र मोहन सिंह निवासी वार्ड नंबर 15 द्वारा अवैध रूप से वृद्धा पेंशन स्वीकृत करा ली




गई थी। मामले की शिकायत उपखंड अधिकारी और जिला कलेक्टर धौलपुर से की गई। जांच में मामला सही पाया गया और वृद्धा पेंशन निरस्त की गई। आश्चर्य की बात यह है कि जिस अधिकारी ने पेंशन स्वीकृत की, वही अधिकारी बाद में उसे निरस्त करने वाला निकला, जिससे प्रशासनिक कार्यशैली पर भी सवाल खड़े होते हैं।स्थानीय सूत्रों के अनुसार पेंशन स्वीकृति में माता प्रसाद और कुछ प्रशासनिक कर्मचारियों की मिलीभगत से फर्जीवाड़ा किया गया था।हालांकि राशि की वसूली कर ली गई,लेकिन ब्याज की राशि आज तक राजकोष में नहीं पहुंची।

अब सवाल यह है.....कि जब उपखंड अधिकारी के आदेशों की भी प्रशासन में यह स्थिति है,तो आमजन के आवेदन और शिकायतें कब तक न्याय की राह देखती रहेंगी? क्या जिम्मेदार अधिकारी इस राजकोषीय लापरवाही पर कोई ठोस कार्रवाई करेंगे या यह मामला भी कागजों में ही दफन रह जाएगा?

## जिले में एरिया डॉमीनेशन की कार्रवाई का चला विशेष अभियान

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** पुलिस की 44 टीमों ने अलग अलग 184 स्थानों पर दबिशें देकर अवैध शराब, अवैध हथियारों का अवैध कारोबार करने वालों की धरपकड़ एवं वांछित अपराधियों सहित कुल 69 व्यक्तियों के खिलाफ की गई कार्रवाई। आज अलसुबह से जिले भर में अवैध हथियार, अवैध शराब व मादक पदार्थों का लगातार अवैध अपराध करने वाले व्यक्तियों के ठिकानों पर पुलिस टीमों द्वारा डाली गई औचक दबिश पुलिस मुख्यालय एवं महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर कैलाश चंद्र विश्नोई आईपीएस के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के नेतृत्व में जिले में आज अलसुबह से दोपहर तक एरिया डॉमीनेशन की कार्यवाही के अन्तर्गत अवैध हथियार, अवैध शराब, मादक पदार्थों व अवांछित गतिविधियों की रोकथाम और अपराधियों की धरपकड़ के लिए धौलपुर पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया7 इस अभियान के अन्तर्गत आज पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिकाऊ प्रकोष्ठ हवा सिंह व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाडी कमल कुमार जांगिड के सुपरवीजन में सभी थानों पर विशेष टीमे गठित कर अलग अलग स्थानों पर दबिशें दी गई7 इस अभियान में करीब 155 पुलिस अधिकारियों और जवानों की 44 टीमों ने कार्रवाई में भाग लेकर 184 स्थानों पर दबिश देकर 69 व्यक्तियों को गिरफ्तार/इंसदादी कार्रवाई की गई है। अभियान में 07 आर्म्स, आबकारी, हत्या आदि जैसे विभिन्न प्रकरणों में वांछित, 06 सामान्य प्रकरणों में वांछित, 11 स्थाई वारंटियों /पीओ को, 01 ईनामी बदमाश, 07 को अन्य अधिनियमों व इंसदादी कार्रवाई में 37 व्यक्तियों को 170 बीएनएस में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है7 जिले भर में चलाए गए अभियान के दौरान 06 स्थाई



वारंटी एवं 05 गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई है। पुलिस अधीक्षक विकास के निर्देशन में पुलिस की टीमों ने अभियान के दौरान अवैध शराब का कारोबार करने वाले व्यक्तियों के ठिकानों पर दबिश देकर 03 प्रकरण दर्ज कर 02 आरोपियों को गिरफ्तार कर अवैध देशी शराब के 178 पव्वे जब्त किए गए है। इस दौरान थाना कौलारी पुलिस द्वारा 60 पव्वे, पुलिस थाना राजाखेड़ा द्वारा 62 पव्वे, पुलिस थाना मनियां द्वारा 56 पव्वे अवैध देशी शराब के जब्त किए गए है। अभियान के दौरान अवैध हथियारों की धरपकड़ की कार्रवाई में पुलिस थाना सदर बाड़ी द्वारा 01 आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 कट्टा 315 बोर मय 01 कारतूस एवं पुलिस थाना कोतवाली धौलपुर द्वारा 01 आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 कट्टा 315 बोर मय 02 कारतूस जब्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया है कि वांछित आरोपियों, ईनामी बदमाशों, वारंटियों एवं असामाजिक तत्वो के खिलाफ धौलपुर पुलिस का धरपकड़ का अभियान जारी रहेगा।

श्री श्याम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव।

## विशाल भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ पंचम दिवसीय महोत्सव का आगाज, श्रद्धा का उमड़ा जनसैलाब

जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निसं.)** सांभर नगरी बुधवार को पूरी तरह बाबा श्याम के रंग में रंगी नजर आई। नावां रोड स्थित जांदू गार्डन के पीछे नवनिर्मित खाटू श्याम मंदिर में श्री श्याम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। सुबह 9 बजे नया बस स्टैंड स्थित गट्टानी गार्डन से 2100 महिलाओं की विशाल कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई नगर परिक्रमा कर नवनिर्मित खाटू श्याम मंदिर पहुंची। पूरे नगर में भक्तिभाव और जयकारों की गूंज ने माहौल को श्याममय बना दिया। कलश यात्रा में हाथोज धाम पीठाधीश्वर व हवामहल विधायक स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज ने शिरकत की। महाराज का नगर प्रवेश पर जगह-जगह पुष्पवर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि 'नवनिर्मित यह श्याम मंदिर सर्व समाज की एकता और भाईचारे का प्रतीक है, जिसमें हर वर्ग की भागीदारी रही है।' इस अवसर पर पूर्व विधायक निर्मल कुमावत (फुलेरा), भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन मोदी, मनीष सूटवाल, विक्की शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। उप अधीक्षक अनुपम मिश्रा और थाना अधिकारी राममिलन मीणा के नेतृत्व में नगर के विभिन्न स्थानों पर पुलिस जाप्ता तैनात किया गया, जिससे शोभायात्रा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम में श्याम रंगीला परिवार के अध्यक्ष पराग पोद्दार, सुनील टाट्टी, पंकज सिंघानिया, चंद्रप्रकाश बरंड, प्रतीक



जोपट सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। कलश यात्रा में आकर्षक झांकियों ने भक्तों का मन मोह लिया। साथ ही एनसीसी कैडेट्स व एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने अनुशासन और व्यवस्था बनाए रखने में सराहनीय भूमिका निभाई। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालु 'श्याम तेरी जय-जयकार' के जयघोष के साथ श्याम प्रेमी भाव-विभोर नजर आए। नवनिर्मित मंदिर परिसर में भक्तों का तांता देर रात तक लगा रहा। 12 नवंबर बुधवार से 16 नवंबर तक हर दिन सनातनी रीति रिवाज के अनुसार वैदिक अनुष्ठान यज्ञ हवन जारी रहेगा।

## फोरेवर एजुकेशन ग्रुप ने किया निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण का शुभारम्भ

### आसपास की ग्रामीण महिलाएं भी होगी डिजिटल साक्षर

जयपुर टाईम्स

**चाकसू(निसं.)** चाकसू उपखंड क्षेत्र में कोटखावदा तहसील के ग्राम पंचायत बड़ोदिया में चाकसू दौसा स्टेट हाइवे 2 सड़क मार्ग पर स्थित फोरेवर एजुकेशन ग्रुप पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित महिलाओं व बालिकाओं के लिए निःशुल्क आर एस - सी आई टी प्रशिक्षण बैच का शुभारम्भ बुधवार 12 नवंबर 2025 को किया गया। बालिकाओं को RS-CIT का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत बड़ोदिया सरपंच रामेश्वर प्रसाद चौधरी, उपसरपंच रामफूल सैनी, पूर्व सरपंच रामकिशोर गुर्जर रहे। तथा विशिष्ट अतिथि एम जी टेक्नो सेवी से रामप्रसाद चौधरी, उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के निदेशक सीएम जांगिड़ ने सभी अथितियों का स्वागत राजस्थानी साफा व माला पहना कर किया। अतिथियों के द्वारा चयनित छात्राओं को निःशुल्क किताबे बाँटकर तथा बायोमेट्रिक पंजीकरण करवा कर निःशुल्क बैच का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान राधेश्याम जांगिड़, मजीद खां, कौशल सैनी, मेघराज जांगिड़, अंबालाल गुर्जर, दिनेश गुप्ता सहित अन्य सभी ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## कादेड़ा में भागवत कथा में धूमधाम से हुआ रुक्मणी विवाह सम्पन्न हुआ

### भागवत कथा में भक्तों ने जमकर लगाए ठुमके

जयपुर टाईम्स

**चाकसू(निसं.)** चाकसू उपखंड क्षेत्र के कादेड़ा में संगीतमय भागवत कथा के दौरान बुधवार को रुक्मणी विवाह के अवसर पर कथा वाचक हनुमान जी महाराज ने भागवत कथा में रुक्मणी विवाह के वर्णन का विस्तार से भक्तों को रसपान करवाया। और अपने प्रवचनों में बताया कि धार्मिक कार्यों से जीवन में मानसिक सांत्वना प्राप्त होती है। इस अवसर




पर रुक्मणी कृष्ण की जीवंत झांकियां सजाई गई। आचार्य विष्णु शर्मा, प्रकाश महाराज एवं रेवती रमण शास्त्री ने रुक्मणी विवाह संपन्न करवाया। इस अवसर पर भक्तों ने कन्यादान देकर विवाह की रसम संपन्न करवाई। कृष्ण रुक्मणी की जीवंत झांकी देखने के लिए भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। भक्तों ने इस अवसर पर जमकर ठुमके लगाए। स्थानीय निवासी ठाकुर हिम्मत सिंह फौजी एवं ठाकुर भवानी सिंह ने बताया कि आज गुरुवार को संगीतमय भागवत कथा का समापन होगा।

# कांग्रेस का ध्वज वंदन समारोह: वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान में 15 लाख लोगों ने किए हस्ताक्षर







## कांग्रेस पार्टी के सभी बड़े नेता बुधवार को एक मंच पर दिखे





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश में चल रहे वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान के सम्पन्न होने पर जयपुर में हरीश चन्द्र तोतूका भवन पर ध्वज वंदन कार्यक्रम आयोजित किया और प्रदेश में चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर अभियान हेतु वोट चोरी रोकने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली एआईसीसी महासचिव सचिन पायलट पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी डॉ. बी.डी. कल्ला अग्रिम संगठनों के प्रदेशाध्यक्षगणों सहित कांग्रेस सांसद व सांसद प्रत्याशी, कांग्रेस विधायक विधायक प्रत्याशी जिलाध्यक्ष तथा विधानसभावार नियुक्त समन्वयकों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देशभर में वोट चोरी कर सरकारों पर काबिज होने का कार्य कर रही है जिसे बड़े पैमाने पर नेता विपक्ष राहुल गांधी ने हरियाणा महाराष्ट्र विधानसभा तथा देश के लोकसभा चुनावों के दौरान चुनाव आयोग की मदद से भारतीय जनता पार्टी द्वारा की गई वोट चोरी का खुलासा कर उजागर किया है। बिहार में जिस प्रकार बड़े पैमाने पर गरीब दलित और अल्पसंख्यकों के वोट का अधिकार छीना गया यह सबके सामने प्रत्यक्ष प्रमाण है कि भारतीय जनता पार्टी एसआईआर के माध्यम से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने वाले मतदाताओं के वोट का अधिकार छीनने का काम कर रही है। प्रदेश में कांग्रेस पार्टी द्वारा सभी 52 हजार 439 बूथों पर बीएलए नियुक्त कर दिए हैं जिन्हें अपने-अपने बूथों पर एसआईआर प्रक्रिया में सक्रियता से भाग लेकर कोई मतदाता अपने मतदान के अधिकार से वंचित नहीं रहे यह सुनिश्चित करना होगा। पार्टी की मजबूती के लिए सभी कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी वोट चोरी ना करें इस हेतु पूरी ताकत के साथ लगना होगा और घर-घर जाकर मतदाता सूची से निवासियों का मिलान कर यदि किसी नव मतदाता का नाम बनाए रखने में परेशानी करने का सामना करना पड़ रहा है तो उसकी मदद करनी होगी। भारतीय जनता पार्टी चुनाव जीतने के लिए हरसंभव वह कार्य कर रही है जो लोकतांत्रिक परम्पराओं के विरूद्ध है। हाल ही में राजस्थान के अंता विधानसभा के हुए उपचुनावों में कांग्रेस के कार्यालयों एवं कार्यकर्ताओं के घरों पर पुलिस को चुनावों में व्यावधान उत्पन्न करने के लिए भेजा गया। इसी प्रकार के कृत्य भारतीय जनता पार्टी कर रही है लेकिन कांग्रेस के मजबूत कार्यकर्ता भाजपा के वोट चोरी के मंसूबों को सफल नहीं होने देंगे। डोटासरा ने कहा कि वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान के तहत् प्रदेशभर में 15 लाख से अधिक लोगों ने कांग्रेस के अभियान के समर्थन में अपने हस्ताक्षर दिए है जिन्हें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को सौंपा जा रहा है। इस अभियान के तहत् कर्मठता से कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं का ध्यान पार्टी रखेगी और पूरे अभियान की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह अभियान अभी आगे और बढ़ाया जा सकता है तथा नवम्बर के आखिरी सप्ताह में वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान के तहत् अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नई दिल्ली में महारैली का आयोजन होगा जिसमें प्रदेश से सर्वाधिक संख्या में लोग पहुंचेंगे। बैठक को पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एआईसीसी महासचिव सचिन पायलट नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सी. पी. जोशी ने भी सम्बोधित किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव व मीडिया प्रभारी स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि बैठक में प्रदेशभर से आए जिलाध्यक्ष एवं विधानसभा प्रभारियों ने वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान के तहत् प्राप्त ज्ञापन पर हस्ताक्षरों को प्रदेश कांग्रेस के समक्ष जमा करवाया गया तथा एसआईआर अभियान के तहत् सभी विधानसभा समन्वयकों को प्रशिक्षण पावर पॉइन्ट प्रजेन्टेशन के माध्यम से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी वॉर रूम की और से दिया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा सभी 200 विधानसभा क्षेत्र में लगाए गए समन्वयकों को संबंधित विधानसभा क्षेत्र के बीएलए की सूची प्रदान की गई और प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने सभी समन्वयकों को निर्देशित किया है कि आगामी तीन दिवस में अपने-अपने से संबंधित विधानसभा क्षेत्र में पहुंचकर विधानसभा के बीएलए के साथ बैठक कर प्रशिक्षण में दी गई जानकारियों से अवगत करवाएंगे।

## धर्मेंद्र को अस्पताल से छुट्टी मिली, घर पर ही डॉक्टर करेंगे इलाज

### भाजपा सांसद हेमा मालिनी सनी देओल और बॉबी देओल ने मीडिया और जनता से भ्रमित खबर और अफवाह नहीं फैलाने की रिक्वेस्ट की

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** फिल्म अभिनेता को ब्रिज केडी अस्पताल से छुट्टी मिल गई है परिजनों ने अस्पताल प्रशासन से घर पर ही इलाज करने की रिक्वेस्ट की थी जिसके बाद धर्मेंद्र को मुंबई स्थित उनके जुहू आवास पर लाया गया है जहां पर डॉक्टरों की एक टीम की निगरानी में उनका उपचार किया जाएगा धर्मेंद्र की हालत पहले से बेहतर बताई गई है धर्मेंद्र की धर्मपत्नी और भाजपा सांसद हेमा मालिनी धर्मेंद्र के पुत्र सनी देओल और बॉबी देओल ने मीडिया से रिक्वेस्ट की है कि वह गलत सूचनाओं पर आधारित खबर प्रसारित नहीं करें और ना ही किसी तरह की कोई अफवाह फैलाएं धर्मेंद्र के परिजनों ने लोगों से रिक्वेस्ट की है कि वह धर्मेंद्र के स्वास्थ्य के लिए ईश्वर से प्रार्थना करें धर्मेंद्र को सांस लेने में परेशानी की वजह से ब्रिज केडी अस्पताल में एडमिट करवाया गया था जहां पर उनकी हालत शुरू में काफी सीरियस थी उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया था बाद में कई प्रमुख चैनल ने मंगलवार को उनके निधन की गलत खबर भी प्रचारित करना शुरू कर दिया इसके बाद धर्मेंद्र के करोड़ों फैंस में मायूसी छा गई थी कई बड़े राजनेताओं ने बाकायदा अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर श्रद्धांजलि देना भी शुरू कर दिया था इन सबको देखकर भाजपा सांसद और धर्मेंद्र की पत्नी हेमा मालिनी ने खुद सोशल मीडिया पर पोस्ट करके धर्मेंद्र के जीवित रहने की बात कही और उन्होंने आक्रोश प्रकट करते हुए कहा कि कोई जिंदा व्यक्ति को मृत्यु कैसे बता सकता है यह कैसी पत्रकारिता है हेमा मालिनी का यह पोस्ट पढ़कर धर्मेंद्र के करोड़ों फैंस को राहत मिली ।

## नगर निगम जयपुर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्रवाई, 13 केन्टर सामान जब्त




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** नगर निगम जयपुर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देशानुसार एवं पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में बुधवार को सतर्कता शाखा की द्वारा नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में जेके लोन, बांगड, गणेश मन्दिर तख्ताशाही रोड़, व सरावनी मेन्शन ढेहर के बालाजी स्टेशन के सामने व रोड नं. 17 वीकेआई, बड़ी चौपड़, रामगंज बाजार, रामगंज चौपड, सूरजपोल गेट, गलता गेट, दिल्ली बाईपास रोड, ट्रांसपोर्ट नगर पुलिया, न्यू बस स्टेण्ड ट्रांसपोर्ट नगर, घाटगेट, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड, मिश्रा राजा जी का रास्ता, मान कायस्थ का चौक, चांदपोल बाजार तक अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये 13 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में जेके लोन, बांगड, गणेश मन्दिर तख्ताशाही रोड़, व सरावनी मेन्शन ढेहर के बालाजी स्टेशन के सामने व रोड नं. 17 वीकेआई, बड़ी चौपड़, रामगंज बाजार, रामगंज चौपड, सूरजपोल गेट, गलता गेट, दिल्ली बाईपास रोड, ट्रांसपोर्ट नगर पुलिया, न्यू बस स्टेण्ड ट्रांसपोर्ट नगर, घाटगेट, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड, मिश्रा राजा जी का रास्ता, मान कायस्थ का चौक, चांदपोल बाजार अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 13 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

## सड़क सुरक्षा अभियान - पुलिस कर रही जागरूक, अब तक 3.37 लाख नागरिकों को यातायात नियम समझाए



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के दूरदर्शी नेतृत्व में राज्य सरकार सुरक्षित और अनुशासित यातायात व्यवस्था के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेशभर में 4 से 18 नवम्बर तक संचालित 15 दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान सड़क सुरक्षा को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अभियान के दौरान सड़क अधोसंरचना को सुदृढ़ करने और वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए व्यापक कार्य किए जा रहे हैं। विभिन्न विभागों के संयुक्त प्रयासों से प्रदेश में सुरक्षित यात्रा की भावना को नई दिशा मिल रही है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर राज्य में लगातार सख्त कार्रवाई हो रही है। सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत पुलिस विभाग ने 4 से 11 नवंबर तक शराब पीकर वाहन चलाने पर 5540, तेज गति से वाहन चलाने पर 36 हजार 778, गलत दिशा में वाहन चलाने पर 26 हजार 160, खतरनाक तरीके से वाहन चलाने पर 2355, बिना रिफ्लेक्टर वाहन चलाने पर 7507 तथा बिना नंबर प्लेट वाहन चलाने पर 14 हजार 154 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। इस दौरान 3 लाख 37 हजार 560 नागरिकों को यातायात नियमों एवं सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक किया गया है। प्रदेश के विभिन्न राजमार्गों पर एनएच-48 मॉडल के अनुरूप लेन ड्राइविंग सिस्टम लागू करने के लिए पुलिस जाप्तों से प्रचार-प्रसार किया गया। साथ ही, लेन ड्राइविंग सुनिश्चित करने के लिए पुलिस टीमें तैनात रहीं और नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग ने राज्य में नियमों का उल्लंघन करने पर अब तक (11 नवंबर तक) कुल 14278 वाहनों के चालान किए हैं। इसमें मालवाहक वाहनों पर ओवरलोडिंग के 912, इन वाहनों में यात्री पाए जाने पर 322 तथा अन्य नियमों का उल्लंघन करने पर 9469 मालवाहक वाहनों के चालान किए गए। यात्री वाहनों में क्षमता से अधिक यात्री पाए जाने पर 170, छत पर सामान रख संचालन करने पर 34 बसों तथा अन्य नियमों का उल्लंघन करने पर 1806 यात्री वाहनों का चालान किया गया है। परिवहन विभाग ने 350 व्यक्तियों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त तथा 79 वाहनों के रजिस्ट्रेशन रद्द किए हैं। इस दौरान 718 वाहनों को सीज किया गया है तथा 37 वाहनों के परमिट भी कैंसिल किए गए हैं। साथ ही, विभाग द्वारा अन्य प्रकरणों में भी चालान किए गए हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने अभियान के तहत 12 नवंबर को राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर चलने वाले 1501 व्यावसायिक वाहन (ट्रक व बस) चालकों की नेत्र जांच कर 264 जरूरतमंद चालकों को चश्मे वितरित किए। विभाग द्वारा अब तक 9507 चालकों की नेत्र जांच कर 1527 चश्मे वितरित किए जा चुके हैं।

## राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा पर्यावरण जागरुकता पर विशेष कार्यशाला का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल (आरएसपीसीबी) के अध्यक्ष डॉ. रवि कुमार सुरपुर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और नियंत्रण के लिए नियमों का पालन तभी संभव होता है जब लोग अपनी जिम्मेदारियों को समझें। उन्होंने कहा कि पर्यावरण शिक्षा की शुरुआत स्कूली स्तर से होना आवश्यक है। पर्यावरण शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे स्कूल की गतिविधियों का हिस्सा बनाना चाहिए ताकि बच्चे बेहतर तरीके से सीख सकें और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभा सकें। डॉ. सुरपुर बुधवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर,जयपुर में आरएसपीसीबी द्वारा पर्यावरण जागरुकता पर आयोजित विशेष कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को शिक्षा के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण पर जागरूक करने रहा। कार्यशाला में शिक्षा विभाग के अधिकारीगण, शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधिगण एवं शिक्षक मौजूद रहे। अध्यक्ष, आरएसपीसीबी ने बताया कि यह शिक्षण संस्थाओं के साथ आयोजित होने वाली कार्यशालाओं की श्रृंखला में पहली कार्यशाला है। इसी की तर्ज पर सभी जिलों में शिक्षण संस्थानों के साथ कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। डॉ. रवि कुमार सुरपुर, अध्यक्ष, आरएसपीसीबी ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों को पर्यावरण से जुड़े विभिन्न विषयों जैसे जीवविज्ञान, रसायन शास्त्र और गणित के संदर्भ में व्यावहारिक रूप से समझाना है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है, और इसे व्यवहारिक रूप में परिवर्तित करने की जरूरत है ताकि आने वाली पीढ़ी एक सतत और स्वच्छ पर्यावरण में जीवन यापन कर सके।

## दिल्ली में घूम रही है एक और आतंकी गाड़ी, पीएम नरेंद्र मोदी ने भी घायलों से मुलाकातकी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 1 के पास सोमवार शाम एक कार में हुए बम धमाके से अफरा तफरी मच गई धमाके की तीव्रता इतनी ज्यादा थी कि लाल किले के करीब स्थित लाल मंदिर में गाड़ी का एक पाठ आकर गिरा मंदिर के शीशे टूट गए और आसपास की कई दुकानों के दरवाजे और खिड़कियां क्षतिग्रस्त हो गई इस घटना में नौ लोगों की मौत की सूचना है जबकि इस धमाके में 20 लोग घायल हो गए हैं इस मामले में पुलिस के हाथ अब तक कई सबूत लगे हैं इसके साथ ही पुलिस ने आधिकारिक तौर पर इसे आतंकी घटना करार दिया है इस मामले के तार फरीदाबाद से बरामद अमोनियम नाइट्रेट और गिरफ्तार आतंकियों से जुड़ रहे हैं । पुलिस को सूचना मिली है की उम्र के साथ सोमवार सुबह फरीदाबाद से लाल रंग की इको स्पोर्ट्स गाड़ी में भी कुछ आतंकी दिल्ली आए थे इस तरह की सूचना के बाद दिल्ली पुलिस लाल रंग की इको स्पोर्ट्स गाड़ी को भी ढूंढ रही है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भूटान की यात्रा से लौट आए हैं और उन्होंने बुधवार को एलएनजेपी अस्पताल में जाकर घायलों से मुलाकात की और घायलों का इलाज कर रहे चिकित्सकों से घायलों के स्वास्थ्य के बारे में फीडबैक लिया और हर तरह से समुचित इलाज करने के निर्देश दिए पुलिस की जांच पड़ताल में सामने आया है कि जिस कार में विस्फोटक ले जाया जा रहा था उसे डॉक्टर उमर 3 घंटे तक लाल किले की पार्किंग में खड़े कर पूरे समय कर में ही बैठा रहा लाल किले पर लगे सीसीटीवी फुटेज चेक किए गए हैं जिसमें इस बात का खुलासा हुआ है उमर ने घटना को अंजाम देने तक अपने चेहरे से मास्क भी नहीं हटाया था ।

### *सुसाइड बॉम्बर डॉक्टर उमर की मां का लिया जाएगा नमूना*

*आत्मघाती आतंकी डॉक्टर उमर की मां के डीएनए का नमूना लिया जाएगा डॉक्टर उम्र के दोनों भाई भी पुलिस की हिरासत में हैं उन्हें श्रीनगर में पूछताछ के लिए लाया गया है डॉक्टर उम्र की भाभी ने बताया कि शुक्रवार को उसने फोन पर बात की थी उसने कहा कि यहां कुछ समस्या है उसने कहा कि मैं तीन दिन बाद आऊंगा उसने कहा कि मेरा एक एग्जाम है उसकी तैयारी कर रहा हूं वह दो-तीन साल से वहां था वह वहां प्रोफेसर था हमारी मां को पुलिस अपने साथ ले गई है वह सिर्फ नमाज और कुरान में व्यस्त रहता था*

### *दो मुजम्मिल के परिजन हैरान! बेटा कैसे बना शैतान?....*

*दिल्ली दहलाने के षड्यंत्र में शामिल डॉक्टर मुजम्मिल के परिजन भी हैरान है कि वह इंसानों की सेवा करने की आड़ में शैतान कैसे बन चुका है डॉक्टर मुजम्मिल के फरीदाबाद ठिकाने से ही पुलिस ने गत रविवार को राइफल और भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ बरामद किया था पुलवामा में उसके भाई आजाद ने कहा कि हमें पता ही नहीं था कि वह आतंकी बन चुका है उधर फरीदाबाद के आतंकी मॉड्यूल को लेकर मड़ियांव के आईआईएम रोड उतक्कीपुर के एक डॉक्टर के घर पर छानबीन की जा रही है आतंकी डॉक्टर मुजम्मिल की गर्लफ्रेंड लखनऊ की रहने वाली है शाहीन को कल फरीदाबाद में गिरफ्तार किया गया था द्य दिल्ली पुलिस के सूत्रों के अनुसार लाल किले में जो विस्फोटक इस्तेमाल हुआ है वह दो एक्सप्लोसिव का मिश्रण है यह एक एक्सप्लोसिव नहीं है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृहमंत्री अमित शाह और सीसीएस के साथ इस आतंकी हमले को लेकर बैठक भी कर रहे हैं।*

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।